




# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा



वर्ष 37 अंक 40 | कोरबा, सोमवार, दिनांक 10 नवंबर 2025 डाक 11 नवंबर 2025 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



**विविधा**

बिहार चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर चिराग पासवान, भाजपा नेता स्मृति ईरानी और दिनेश लाल यादव के साथ पटना में



**देश-विदेश**

इंडिया से वंदे भारत ट्रेन ले सकता है अंगोला, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दौरे के दौरान तीन समझौते पर हुए हस्ताक्षर



**फीचर पेज**

हिचकी को तुरंत रोकने के लिए अपनाएं ये 5 असरदार घरेलू उपाय




## 350 किलो आरडीएक्स, एके-47... डॉक्टर आदिल के निशानदेही पर फरीदाबाद में छापामारी, बड़ी आतंकी साजिश नाकाम

**फरीदाबाद, 10 नवंबर [एजेंसी]।**

हरियाणा के फरीदाबाद में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। फरीदाबाद के धौज में डॉक्टर के घर से भारी मात्रा में आरडीएक्स बरामद हुआ है। कमरे से 14 बैग, 2 ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एके-47 बरामद की गई है। धौज इलाके में हुई इस कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, गिरफ्तार संदिग्ध आतंकी मुजाहिल शकील की निशानदेही पर यह कार्रवाई की गई है।

जानकारी के अनुसार, आरोपी को जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम ने दो दिन पहले गिरफ्तार किया था। पूछताछ के बाद आरोपी डॉक्टर की निशानदेही पर उसके आवास पर छापा मारा, जहां से टीम को 14 बैग आरडीएक्स, दो ऑटोमैटिक पिस्टल, 84 कारतूस, पांच लीटर केमिकल और एक एके-47 राइफल बरामद हुई है। यह बरामदगी सुरक्षा एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है, क्योंकि आरडीएक्स एक अत्यंत शक्तिशाली विस्फोटक है और इसका बड़ी मात्रा में मिलना किसी बड़े खतरे की ओर इशारा कर सकता है। यूपी के सहारनपुर से जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से संबंधों के चलते अनंतनाग के रहने वाले एक डॉक्टर आदिल अहमद को गिरफ्तार किया था। इसी कड़ी में कश्मीर पुलिस ने फरीदाबाद में किराए पर रह रहे डॉक्टर के कमरे में छापा मारा। बताया जा रहा है कि कश्मीरी डॉक्टर मुजाहिल शकील ने फरीदाबाद में किराए पर कमरा लिया था। आरोपी डॉक्टर यहां रहता नहीं था। उसने केवल सामान रखने के लिए कमरा लिया था।



पुलिस ने कमरे से 14 बैग बरामद किए हैं, जिनमें 350 किलो आरडीएक्स, एके 47 राइफल, 84 कारतूस और केमिकल रखा हुआ था। तीन महीने पहले किराये पर कमरा लिया था। बताया जा रहा है कि डॉक्टर शकील ने 3 महीने पहले ही किराये पर कमरा लिया था।

रेड के दौरान 10 से 12 गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। आरोपी डॉक्टर को पुलिस ने हिरासत में लिया है। इस मामले में चार राज्यों जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और गुजरात से पूरे मामले का कनेक्शन खंगाला जा रहा है। मकान मालिक को कहा था कि सिर्फ सामान रखना है। सूत्रों के मुताबिक, डॉक्टर ने कमरा किराये पर लेते हुए मकान मालिक को कहा था कि उसे यहां सिर्फ सामान रखना है। उसके बाद कई बैग यहां रखे गए। बैग में क्या है, ये न मकान मालिक ने पूछा न किसी और ने।

### सीनेट विवाद पर पीयू में बवाल

## उग्र हुए प्रदर्शकारी, बैरिकेडिंग तोड़ी, स्थिति संभालने के लिए चंडीगढ़ पुलिस ने भांजी लाठियां



**चंडीगढ़, 10 नवंबर [एजेंसी]।**

पंजाब यूनिवर्सिटी में सीनेट चुनाव की अधिसूचना जारी करने पर अड़े छात्रों ने सोमवार को प्रदर्शन किया। किसान-मजदूर संगठनों ने भी छात्रों का साथ दिया। पंजाब से बड़ी संख्या में सगठनों के सदस्य चंडीगढ़ पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ने गेट नंबर एक तोड़कर पीयू में घुसने का प्रयास किया।

स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को लाठियां भांजनी पड़ी। पुलिस ने चंडीगढ़ की सीमाएं सील की हुई थी, लेकिन प्रदर्शनकारियों को नहीं रोक पाई। सुबह ही प्रदर्शनकारी पीयू के गेटों पर जमा होने लगे थे। इस दौरान पीयू बचाओ के नारे लगे। इसके बाद जब पीयू के अंदर नहीं घुसने दिया गया तो गेट तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए। प्रदर्शनकारियों के हाथों में तलवारें भी थी। कुछ निहंगों की वेशभूषा में भी शामिल हुए।

## चुपचाप नहीं बैठा है हाफिज सईद, ढाका से भारत पर हमले की रच रहा साजिश, रिपोर्ट में खुलासा



**नईदिल्ली 10 नवंबर [एजेंसी]।**

लश्कर-ए-तैय्यबा का चीफ हाफिज सईद एक बार फिर भारत पर हमले की साजिश कर रहा है। नई खुफिया जानकारी के अनुसार, आतंकी सईद बांग्लादेश को एक नए लॉन्चपैड के रूप में तैयार कर रहा है। इसकी मदद से वह भारत में आतंकी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में है।दरअसल, ये खुलासा 30 अक्तूबर को पाकिस्तान के खैरपुर तमीवाली में हुई एक रैली में हुआ है। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। सामने आए वीडियो में लश्कर-ए-तैय्यबा के एक प्रमुख कमांडर सैफुल्लाह को देखा जा सकता है, साफ तौर पर कह रहा है कि हाफिज सईद चुप नहीं बैठा है, वह बांग्लादेश के रास्ते भारत पर हमला करने की तैयारी कर रहा है। लश्कर-ए-तैय्यबा के कमांडर ने दावा किया कि उसका संगठन पहले से ही पूर्व पाकिस्तान यानी बांग्लादेश में सक्रिय रहा है, और वह भारत को ऑपरेशन सिंदूर का जवाब देने की तैयारी कर रहा है।

टीओआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, आतंकी हाफिज सईद ने अपने एक करीबी सहयोगी को बांग्लादेश भेजा है, ताकि वह जिहाद के बहाने स्थानीय युवाओं को कट्टरपंथी बना सके और उन्हें आतंकवादी प्रशिक्षण दिया जा सके। वीडियो में लश्कर-ए-तैय्यबा का ये कमांडर खुलेआम लोगों को भारत के खिलाफ जंग छेड़ने के लिए उकसाते हुए देखा जा सकता है। हैरान करने वाली बात है कि इस कार्यक्रम में छोटे-छोटे बच्चे भी शामिल हैं। इससे साफ है कि ये आतंकवादी संगठन भारत के खिलाफ जिहाद के मकसद से नाबालिगों का शोषण और उन्हें भड़काने की कोशिश कर रहा है।

## OMG रास्ते पर मौत! बिजली का खंभा गिरा, और फिर...

**मुज़फ़्फ़रनगर 10 नवंबर।** उत्तर प्रदेश के मुज़फ़्फ़रनगर में बिजली की लाइन की मरम्मत के दौरान स्कूटर चलाते समय एक 40 वर्षीय व्यक्ति पर बिजली का खंभा गिर गया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस बात की जानकारी एक पुलिस अधिकारी ने एक न्यूज एजेंसी को दी। मृतक की पहचान सुनील बाल्यान के रूप में हुई है। अधिकारी ने बताया कि यह घटना कल शाम आदर्श कॉलोनी इलाके में बिजली विभाग की आपूर्ति लाइन के रखरखाव कार्य के दौरान लापरवाही के कारण हुई. क्षेत्राधिकारी राजकुमार सैनी ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया।

## मशहूर कवि आन्दे श्री का निधन, राजकीय सम्मान के साथ होगा अंतिम संस्कार

**हैदराबाद, 10 नवंबर [एजेंसी]।**



तेलंगाना का प्रतिष्ठित राज्य गीत जय जय हे तेलंगाना लिखने वाले कवि आन्दे श्री का निधन हो गया है। 64 वर्ष की उम्र में उन्होंने आखिरी सांस ली है। आन्दे श्री के परिजनों के अनुसार, उनके निधन की वजह दिल का दौरा पड़ना बताया जा रहा है। 2 दिन पहले आन्दे की तबीयत अचानक खराब हो गई थी और उन्हें खूब पसीना आ रहा था। परिजनों का कहना है कि आन्दे सुबह अपने घर में जमीन पर गिरे मिले। आनन-फानन में उन्हें गांधी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। उनके निधन के बाद पूरे परिवार में शोक का माहौल है। आन्दे श्री का पूरा नाम आन्दे येल्लैया था। तेलंगाना को अलग राज्य का दर्जा दिलाने में उन्होंने अहम योगदान निभाया था। 2023 में तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई।

इस दौरान आन्दे श्री के द्वारा लिखे गए गाने जय जय हे तेलंगाना को राज्यगीत घोषित कर दिया गया था। तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी, केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, राज्य में बीजेपी के अध्यक्ष एन रामचंद्र राव समेत कई दिग्गज नेताओं ने आन्दे श्री के निधन पर शोक व्यक्त किया है। सीएम रेवंत रेड्डी का कहना है कि आन्दे का जाना राज्य के लिए बड़ी क्षति है। उन्होंने सभी अधिकारियों को आदेश दिया है कि आधिकारिक राजकीय सम्मान के साथ आन्दे श्री का अंतिम संस्कार किया जाए।

## अमित बघेल को पकड़ने टिकरापारा में पुलिस की रेड

**रायपुर 10 नवंबर।** छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के अध्यक्ष और जोहार छत्तीसगढ़ पार्टी के प्रमुख अमित बघेल की तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है। गिरफ्तारी से बेचने के लिए वह अपने परिचित के घर में छिप रहा है।



इसी आधार पर छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के शिवेंद्र वर्मा (निवासी सड्डू) और अजय यादव के धरमनगर टिकरापारा स्थित निवास पर पुलिस ने छापा मारा है। पुलिस उनसे पूछताछ कर रही है। जबकि कई टीमें राज्य के अलग-अलग जगहों पर उसकी तलाश में जुटी हुई हैं। छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति तोड़ने को लेकर छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल ने अग्रसेन महाराज, सिंधी समाज के ईष्ट देवता झूलेलाल जी पर टिप्पणी की थी।

अमित बघेल के बयान के बाद अग्रवाल समाज और सिंधी समाज ने रायपुर में 2 अलग-अलग थानों में शिकायत देकर एफआईआर दर्ज कराई थी। अमित बघेल के खिलाफ रायपुर के अलावा छत्तीसगढ़ और देश के अलग-अलग थानों में एफआईआर दर्ज है। छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के प्रमुख अमित बघेल के खिलाफ रायपुर, दुर्ग, धमतरी, इंदौर, ग्वालियर, नोएडा, महाराष्ट्र और प्रयागराज में शिकायत दर्ज की गई है।

## हीरो स्टाईल में एसडीएम ने धान के अवैध परिवहन पर फेरा पानी, इतना ही नहीं डायलॉग भी मारा

**बलरामपुर।** धान खरीदी शुरू होने से पहले कोचियों की हलचल तेज है, ऐसे में पुलिस ने जंगल में फिल्मी स्टाइल में अवैध धान पकड़ने में कामयाबी पाई है। पूरी कार्रवाई के साथ-साथ एसडीएम का बॉलीवुड डायलॉग चर्चा का विषय बना हुआ है। पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने गश्त के दौरान 143 बोरी अवैध धान के साथ एक पिकअप वाहन जब्त किया है। इस बीच प्रशासनिक टीम के आने की जानकारी लगते ही बिचौलिए जंगल में धान को छुपा कर भागे निकले। जंगल में धान जब्त करने के बाद एसडीएम आनंद राम नेताम ने फिल्मी स्टाइल में बिचौलियों को चेतावनी देते हुए कहा, 'जानी तुम झुकेगा नहीं तो हम रुकेगा नहीं।'



इस बीच धान बिचौलियों पर पुलिस-प्रशासन की टीम टीम लगातार कार्रवाई कर रही है. जब्त किया गया अवैध धान उत्तर प्रदेश से लाया जा रहा था। बलरामपुर कलेक्टर के निर्देशन में रामचंद्रपुर तहसील के अंतर्गत कार्रवाई की गई है। पुलिस-प्रशासन की इस कार्रवाई से अवैध धान जमा करने में जुटे बिचौलियों में दशहत पैदा हो गई है।

## अभिनेत्री जया बच्चन ने खटखटाया दिल्ली हाईकोर्ट का दरवाजा, अदालत के सामने रखी ये मांग



**नई दिल्ली 10 नवंबर ।** बॉलीवुड अभिनेत्री जया बच्चन ने व्यक्तिगत अधिकारों की सुरक्षा की मांग को लेकर दिल्ली हाई कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उन्होंने अपने व्यक्तित्व और प्रचार अधिकारों की सुरक्षा के अलावा कुछ वेबसाइटों और प्लेटफार्मों को उनके नाम और छवि वाली सामग्री सहित अवैध रूप से सामान न बेचने का निर्देश देने की भी मांग की है। जया बच्चन ने कहा कि उनकी छवि, नाम और आवाज का अनधिकृत रूप किए जा रहे उपयोग पर रोक लगाई जाए। इससे पहले उनके बेटे व अभिनेता अभिषेक बच्चन व अभिनेत्री ऐश्वर्या राय ने भी ऐसी याचिका दायर की थी और हाई कोर्ट ने अंतरिम आदेश पारित करते हुए उनके नाम, छवि व आवाज के अनधिकृत उपयोग पर रोक लगा दी थी।

## लालू परिवार के खिलाफ लैंड फॉर जॉब केस में 4 दिसंबर को होगी सुनवाई



**नई दिल्ली 10 नवंबर।** बिहार विधानसभा चुनावों के बीच लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार के सदस्यों को बड़ी राहत मिली है। जमीन के बदले नौकरी (लैंड फॉर जॉब) से जुड़े सीबीआई मामले में लालू परिवार के खिलाफ बिहार चुनाव के नतीजों के बाद फैसला दिया जाएगा। इस मामले में लालू प्रसाद यादव और पत्नी राबड़ी देवी के अलावा बेटे तेजस्वी यादव व तेज प्रताप यादव, बेटी मीसा भारती व हेमा यादव और अन्य के खिलाफ आरोप तय करने पर सोमवार को फैसला आना था। हालांकि, सोमवार को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने फैसला सुनाने के लिए 4 दिसंबर की तारीख तय की।इस मामले में सीबीआई ने लालू यादव और उनके परिवार के सदस्यों समेत 100 से अधिक लोगों को आरोपी बनाया है। सीबीआई ने चार्जशीट में खुलासा किया कि बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार हुआ है। जमीन की खरीद के लिए ज्यादातर पैसों का लेनदेन कैश में हुआ।

## सीएम योगी का बड़ा ऐलान, यूपी के सभी स्कूलों में वंदे मातरम् का गायन किया जाएगा अनिवार्य

**गोरखपुर, 10 नवंबर [एजेंसी]।**



उत्तर प्रदेश के सभी स्कूलों में राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम् का गायन अनिवार्य किया जाएगा। गोरखपुर में एकता पदयात्रा के दौरान सीएम योगी ने ऐलान किया। सोमवार को सीएम योगी ने गोरखपुर में एकता पदयात्रा की। सुबह के नौ बजते ही गोलघर की ओर बढ़ती भीड़ और सजी-संवरी सड़कों ने इस बात का इशारा दे दिया था कि आज शहर में कोई बड़ा आयोजन है। मौका था सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्मतिथि पर निकली एकता यात्रा का, और स्वागत में गोरछनगरी की बड़ी आबादी उमड़ पड़ी। नगर निगम मुख्य द्वार से लेकर काली मंदिर स्थित पटेल चौक तक दोनों ओर खड़े लोगों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अभूतपूर्व स्वागत किया।सड़कों के दोनों ओर भगवा और केसरिया रंग की झालरों से सजावट की गई थी। पूरे यात्रा मार्ग और आस पास की इमारतों के मुंडेर पर पुलिसकर्मी सुरक्षा में तैनात थे और आमजन में मुख्यमंत्री के स्वागत को लेकर गजब का उत्साह देखा गया।

### मेडिकल कॉलेज में 40 घंटे की रेड, दो हजार पेज फोटो कॉपी और पांच पेन ड्राइव में डाटा ले गई ईडी

**उन्नाव।** लखनऊ-कानपुर हाईवे स्थित सरस्वती मेडिकल कालेज में करीब 40 घंटे की चली छानबीन के बाद ईडी की टीम शनिवार रात 12 बजे लौट गई। छापेमारी के लिए आई 14 सदस्यीय टीम कालेज के लेखा विभाग से जुड़े दस्तावेजों की करीब दो हजार फोटो कापी, और पांच पेन ड्राइव में डेटा अपने साथ ले गई है। वहीं कालेज के वित्त प्रबंधक और लेखाधिकारी को अगले सप्ताह दिल्ली पूछताछ के लिए तलब किया है।


**स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक**

**चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार**

डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS
(Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010

-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30
(शाम को बंद )

डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894

सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।

मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)

विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...

पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा


## एयरपोर्ट पर मुस्लिमों के नमाज पढ़ने का कथित वीडियो वायरल, भाजपा ने सीएम सिद्धारमैया-खरगे को घेरा

**बंगलुरू, 10 नवंबर [एजेंसी]।**



कर्नाटक की राजधानी बंगलूरू में स्थित केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-2 पर कुछ लोगों के नमाज अदा करने का कथित वीडियो वायरल होने के बाद कर्नाटक में राजनीतिक विवाद छिड़ गया है। विपक्षी दल भाजपा ने इस घटना पर कड़ी आपत्ति जताते हुए राज्य सरकार से जवाब मांगा है। वायरल वीडियो में कुछ मुस्लिमों को टर्मिनल-2 में नमाज पढ़ते हुए देखा जा सकता है। इस दौरान पास खड़े सुरक्षा कर्मियों को यह घटनाक्रम देखते हुए दिखाया गया। भाजपा की कर्नाटक इकाई के प्रवक्ता विजय प्रसाद ने मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंत्री प्रियांक खरगे से पूछा कि क्या नमाज अदा करने वालों ने सार्वजनिक स्थल पर ऐसा करने के लिए सरकार द्वारा हाल ही में बनाए गए नियमों के तहत कोई अनुमति ली थी।

उन्होंने शनिवार देर रात 'एक्स' पर पोस्ट करते हुए लिखा, बंगलूरू अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के टर्मिनल-2 के अंदर यह कैसे अनुमति दी जा सकती है। क्या मुख्यमंत्री सिद्धारमैया और मंत्री प्रियांक खरगे इस पर सहमत हैं। भाजपा प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि सरकार ने हाल ही में ऐसे नियम बनाए थे, जिनका मकसद आरएसएस की गतिविधियों को सीमित करना था। उन्होंने कहा, जब आरएसएस अनुमति लेकर पथ संचलन आयोजित करता है तो सरकार आपत्ति जताती है, लेकिन प्रतिबंधित सार्वजनिक क्षेत्र में होने वाली ऐसी गतिविधियों पर आंखें मूंद लेती है। प्रसाद ने सवाल उठाया कि क्या यह घटना इतने संवेदनशील क्षेत्र में गंभीर सुरक्षा चिंता का विषय नहीं है।

### लोकतंत्र के लिए यह कितनी भयानक बात है

## ट्रंप ने भाषण से छेड़छाड़ विवाद पर बीबीसी अधिकारियों को फटकारा



**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीबीसी द्वारा उनका छेड़छाड़ किया गया भाषण प्रसारित करने के विवाद पर कड़ी प्रतिक्रिया दी है। ट्रंप ने इसके लिए जिम्मेदार बीबीसी अधिकारियों को लताड़ा और उन्हें बेईमान कह दिया। आरोप है कि बीबीसी ने साल 2021 में ट्रंप द्वारा दिए गए भाषण में काट-छांट कर उसे प्रसारित किया। अब इसके खुलासे के बाद इस पर हंगामा हो गया है। विवाद के बाद बीबीसी के दो शीर्ष अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है। सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर साझा एक पोस्ट में ट्रंप ने लिखा कि बीबीसी के शीर्ष लोग, जिनमें टिम डेविड, जो बॉस थे, और अन्य सभी ने इस्तीफा दे दिया है या उन्हें नौकरी से निकाल दिया गया है, क्योंकि वे मेरे 6 जनवरी के अच्छे भाषण से छेड़छाड़ करते पाए गए। इन भ्रष्ट पत्रकारों का भंडाफोड़ करने के लिए टेलीग्राफ का धन्यवाद। इन बेईमान लोगों ने राष्ट्रपति चुनाव में दखल देने की कोशिश की। सबसे बड़ी बात ये लोग उस देश से हैं, जो हमारा सबसे करीबी सहयोगी है। लोकतंत्र के लिए यह कितनी भयावह बात है।



## बगबुड़ा में विकास कार्यों का भूमि पूजन, विधायक फूल सिंह राठिया रहे मुख्य अतिथि

**कोरबा।** विकासखंड कोरबा अंतर्गत ग्राम पंचायत बगबुड़ा में शनिवार को कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों का भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में रामपुर विधायक फूल सिंह राठिया उपस्थित रहे। विधायक ने विधिवत पूजा-अर्चना कर विकास कार्यों की नींव रखी और कहा कि सरकार की प्राथमिकता ग्रामीण अंचलों के समग्र विकास की है, ताकि प्रत्येक व्यक्ति तक बुनियादी सुविधाएं पहुंच सकें।

भूमिपूजन कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। विधायक ने इस दौरान ग्रामीणों से चर्चा कर उनकी समस्याओं और आवश्यकताओं को सुना तथा शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में जनपद सदस्य किशनलाल कोसले, सरपंच दशरथ खड़िया, रोजगार सहायक, पंचायत प्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

## कोल इंडिया के नए प्रबंध निदेशक सनोज कुमार झा ने उत्पादन लक्ष्य हासिल करने का जताया भरोसा

**कोरबा ।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) के नए चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक सनोज कुमार झा ने पदभार ग्रहण करने के बाद कंपनी की भावी रणनीति पर अपनी बात रखी। श्री झा ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में कंपनी का लक्ष्य 87.5 करोड़ टन कोयला उत्पादन का है, जिसे हासिल करने या उसके करीब पहुंचने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा।

उन्होंने स्वीकार किया कि सितंबर और अक्टूबर के महीनों में भारी मानसूनी बारिश की वजह से उत्पादन पर असर पड़ा और कंपनी अपने निर्धारित लक्ष्य से पीछे रह गई। साथ ही, इस अवधि में बिजली क्षेत्र से कोयले की मांग में कमी आने के कारण भी उत्पादन की गति धीमी रही। सीएमडी श्री झा ने कहा, की अभी यह कहना मुश्किल है कि हम लक्ष्य पूरी तरह हासिल कर लेंगे या नहीं, लेकिन हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि निर्धारित लक्ष्य तक या उसके करीब पहुंच सकें।

उन्होंने उद्योग जगत को भरोसा दिलाया कि कोयले की आपूर्ति में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी और वर्ष के अंत तक कंपनी के पास पिछले साल की तुलना में अधिक भंडार रहेगा। अक्टूबर में कोल इंडिया का उत्पादन 9.8 घटकर 5.64 करोड़ टन रह गया, जबकि सितंबर में उत्पादन 4.89 करोड़ टन दर्ज किया गया था।

## गुरसिया और मोरगा में हुआ 33/11 केवी सब स्टेशन का भूमिपूजन

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत पाली-तानाखार विधानसभा क्षेत्र के ग्राम गुरसिया और मोरगा में 33/11 केवी सब स्टेशन का भूमिपूजन समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर हीरा सिंह मरकाम रहे। उन्होंने विधिवत पूजा-अर्चना कर भूमि-पूजन किया और कहा कि सब स्टेशन के निर्माण से क्षेत्र की बिजली व्यवस्था में आमूलचूल परिवर्तन आएगा।

ग्रामीणों को अब निर्बाध बिजली आपूर्ति मिलेगी जिससे खेती, शिक्षा और घरेलू कार्यों में सुविधा होगी। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में श्याम सिंह मरकाम (राष्ट्रीय महासचिव गोगपा), कुलदीप सिंह मरकाम (विधायक प्रतिनिधि पाली-तानाखार), विद्वान सिंह मरकाम (जिला अध्यक्ष गोगपा सह सदस्य जिला पंचायत कोरबा), मनोहर सिंह (विधायक प्रतिनिधि), राय सिंह मरकाम (संभागीय अध्यक्ष), सुरेश सिंह पोर्ते (विधायक प्रतिनिधि), सहेतर सिंह राज (कृषि विभाग विधायक प्रतिनिधि), चैन सिंह नेटी (जिला महासचिव गोगपा), ललित कुमार उईके (जिला महामंत्री गोगपा), पप्पी अग्रवाल (शिक्षा विभाग विधायक प्रतिनिधि) और उमेश्वर आरमो (वन विभाग केंदई रेंज विधायक प्रतिनिधि) उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनपद सदस्य शिव भरोस लकरा, क्षेत्र के सरपंच, उपसरपंच, पंच, गोगपा कार्यकर्ता सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक श्री मरकाम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सब स्टेशन बनने से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी।

## यातायात नियमों की दी जानकारी

**कोरबा।** कोरबा शहर के ट्रांसपोर्ट नगर क्षेत्र में अशोक वाटिका के पास स्थित ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यातायात टीआई तेजकुमार यादव, एएसआई मनोज राठौर के साथ उनकी टीम पहुंची, जहां यातायात टीआई ने मौजूद लोगों को यातायात नियमों की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने संस्था के बारे में उल्लेख कर सदस्यों के योग, ध्यान और आध्यात्मिक ज्ञान के माध्यम से समाज को मार्गदर्शन प्रदान करने की सराहना की।

इस दौरान ब्रम्हकुमारी परिवार की इंदू दीदी, रूकमणी दीदी, डॉ. देवनाथ, शेखर व चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन मंचस्थ थे।

## कोरबा प्रेस क्लब के सदस्य अनूप जायसवाल का निधन

**कोरबा।** कोरबा प्रेस क्लब के सदस्य अनूप जायसवाल का निधन हो गया हैं। बताया जा रहा हैं की वे कुछ समय से गंभीर रूप से अस्वस्थ चल रहे थे, जिन्हें अपोलो



बिलासपुर ले जाया गया। जहा उपचार के दौरान उनका निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके रामसागर पारा स्थित निवास अग्रसेन विद्यालय के पीछे से निकल कर राताखार मिशन स्कूल के पास स्थित मुक्तिधाम दोपहर 12:30 बजे जाएगी जहाँ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। उनके निधन की खबर से उनके परिजन, मित्रगण. रिश्तेदार, सहित अंचलवासियो में शोक व्याप्त हैं। कोरबा प्रेस क्लब ने उनके निधन पर अपनी शोक संवेदना प्रकट की हैं। साथ ही शोकाकुल परिजनों को साहस, संबल प्रदान करने ईश्वर से प्रार्थना की हैं।

# न्याय किसी वर्ग का विशेषाधिकार नहीं बल्कि हर नागरिक का संवैधानिक अधिकार : न्यायाधीश संतोष शर्मा

**कोरबा ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली के तत्वाधान में छ.ग. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण बिलासपुर के निर्देशन एवं माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष संतोष शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन के अनुसार 09 नवंबर को राष्ट्रीय विधिक सेवा दिवस के अवसर पर न्याय जागरूकता विधिक कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गयी।

उपरोक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष संतोष शर्मा, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, माननीय जयदीप गर्ग, विशेष न्यायाधीश एस.सी./एस.टी. कोरबा, गरिमा शर्मा, प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कोरबा, डॉ. ममता भेजवानी, अपर सत्र न्यायाधीश एफ.टी.एस.सी.(पॉक्सो) कोरबा, सोनी तिवारी, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी कोरबा, सुश्री त्रासी राधव तृतीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, सुश्री ग्रेसी सिंह प्रथम अतिरिक्त व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी कोरबा, डॉ. किरण, प्रचार्या ज्योति भूषण प्रताप सिंह लॉ कॉलेज कोरबा की गरिमामयी उपस्थिति में विधिक सेवा दिवस का आयोजन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रधान जिला न्यायाधीश ने विधिक सेवा दिवस कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए आमजन को कानूनी अधिकारों की जानकारी देना, न्याय तक समान पहुंच सुनिश्ति करना, नि:शुल्क विधिक सहायता योजनाओं के प्रति जागरूकता फैलाना रहा। उपरोक्त कार्यक्रम में अध्यक्ष/प्रधान जिला न्यायाधीश के द्वारा अपने उदबोधन में विधिक सेवा का साब्दिक अर्थ बताते हुए प्राचीन काल से कानून से संबंधित ज्ञान को सेवा के साथ न्यायिक प्रक्रिया मुगल काल, मगध काल के जमाने में त्वरित निर्णय प्रदान कर फैसला दिया जाता था। जिसमें सुनवाई का अवसर नहीं



मिल पाता था, ऐसे में न्याय की पूर्ति नहीं हो पाती थी। कानूनों में सनै:-सनै: विकास हुआ यह व्यवस्था बदलती गयी, जब हमारा देश आजाद हुआ तब स्वतन्त्र न्यायिक व्यवस्था की स्थापना हुई। उसके अंतर्गत सर्वोच्च न्यायालय, सभी राज्यों में उच्च न्यायालय, जिला न्यायालय एवं व्यवहार न्यायालय की स्थापना के बाद भी एक आवश्कता महसूस की जाती रही।

जिसके अंतर्गत यह देखा गया कि जो निर्बल पक्ष या गरीब पक्ष अपना उचित प्रकार से न्यायालय में पक्ष प्रस्तुत नहीं कर पा रहा है। इसलिए जो न्याय प्रदान करने का प्रक्रिया था, सर्वोच्च न्यायालय ने पीड़ित पक्ष को जो खर्च वहन करने में सक्षम नहीं था। संविधान में व्यवस्थाओं में संशोधन कर विधिक सेवा प्राधिकरणों का वर्णन है, जो संविधान एवं उदेशिका में भी निहित है।

विशिष्ट अतिथि उद्बोधन में लॉ कॉलेज की प्रचार्य डॉ. किरण चौहान ने विधिक सेवा दिवस मनाने की आवश्यकता को बताते हुए राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से बताया एवं इसकी आवश्यकताओं पर बल देते हुए निरंतर कानूनी विकास में मददगार बताया।

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा कार्यक्रम का संचालन करते हुए विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम 1987 के तहत न्याय के अधिकार को व्यवहारिक रूप देने के लिए विधिक सेवा दिवस का असली मकसद समाज की अंतिम व्यक्ति तक न्याय की पहुंच सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि लोग अदालतें, नि:शुल्क विधिक सहायता और विधिक साक्षरता अभियान समाज में न्याय की सुलभता सुनिश्ति करते है। कानूनी सहायता सबके लिए हर समय थीम पर आधारित लोगो में कानून के प्रति लोगो में गहरी रूची जगायी। उपरोक्त कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस कौंसिल कोरबा के अधिवक्तागण, विधि कॉलेज के विद्यार्थी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के समस्त कर्मचारीगण एवं पैरालिगल वॉलेण्टियर्स उपस्थित रहे।

## भाकपा छत्तीसगढ़ राज्य परिषद की हुई बैठक

**कोरबा ।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी छत्तीसगढ़ राज्य परिषद की बैठक 9 नवंबर को ऑल नियर होटल रायपुर में आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता कामरेड फूल सिंह कचलाम ने की। इस बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य प्रभारी एवं राज्यसभा सांसद कामरेड पी. संतोष कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में राज्य प्रभारी कामरेड पी. संतोष द्वारा राष्ट्रीय सम्मेलन की रिपोर्ट में कहा कि भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की 25वीं राष्ट्रीय कांग्रेस चंडीगढ़ शहर में 21 से 25 सितंबर तक आयोजित हुआ। इस सम्मेलन में पुन: काम. डी. राजा को महासचिव चुना गया एवं छत्तीसगढ़ से के. साजी, मंजू कवासी एवं लखन सिंह को राष्ट्रीय परिषद का सदस्य चुना गया। राज्य सचिव द्वारा पार्टी की



सांगठनिक गतिविधियों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात अध्यक्ष की सहमति से विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत से चर्चा करवाई गई, जिस पर विभिन्न क्षेत्रों से आए राज्य परिषद सदस्यों ने अपने-अपने क्षेत्र की जन समस्याओं पर विस्तारपूर्वक अपनी बात रखी।

इसी क्रम में पार्टी के कोरबा जिला सचिव कामरेड पवन कुमार वर्मा ने कोरबा जिले की जन समस्याओं को रखते हुए कहा कि पार्टी द्वारा कोरबा की विभिन्न समस्याओं को लेकर लगातार आंदोलन करते हुए कलेक्टर से मुलाकात कर अनेकों ज्ञापन सौंपे। जिसमें स्ट्रीट लाइट, रोड, नाली का काम जरूर हुआ लेकिन कोरबा जिले के विभिन्न उद्योगों में लोकल भरती नहीं किया जा रहा है और लोकल की अपेक्षा की जा रही है, शासन द्वारा पावर प्लांट से निकलने वाला राख प्रदूषण पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।कोरबा जिले में लगातार अल्पसंख्यकों पर हमले हो रहे हैं। कोरबा जिले में शासकीय उचित मूल्य दुकान से चना वितरण कई महीनो से बंद है। इस बैठक में सचिव मंडल के साथियों को अलग-अलग जिलों का प्रभारी बनाया गया जिसमें कोरबा जिले की प्रभारी राज्य सचिव कामरेड के साजी, कामरेड राजेश संधू को दिया गया। इस बैठक मे कोरबा जिले से पवन कुमार वर्मा, विजयलक्ष्मी चौहान, हरिनाथ सिंह, एम.एल. रजक उपस्थित रहे।



## जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत जनजातीय योगदान पर सेमीनार आयोजित

**कोरबा ।** कोरबा जिले में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय साडा, कोरबा में जनजातीय गौरव पखवाड़ा के अंतर्गत जनजातीय योगदान पर सेमिनार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विश्व के प्रथम आदिवासी शक्तिपीठ के संरक्षक एवं छत्तीसगढ़ महतारी संस्कृति संवर्धन सेवा समिति के प्रदेश अध्यक्ष मोहन सिंह प्रधान मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे।

अपने सारगर्भित उद्बोधन में श्री प्रधान ने कहा कि जनजातीय समाज हमारी संस्कृति, परंपरा और संरक्षण की भावना का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से अपनी मूल जड़ों, मातृभाषा और पारंपरिक ज्ञान को सहेजने का आह्वान किया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा और संस्कृति का संतुलन ही सच्चे विकास की दिशा में सबसे मजबूत कदम है। कार्यक्रम में छात्राओं ने जनजातीय परंपरा से जुड़ी 'हल्बी गीत' की मधुर प्रस्तुति दी, साथ ही भगवान बिरसा मुंडा के जीवन पर आधारित एक प्रभावशाली लघु नाटिका का मंचन किया, जिसने उपस्थित जनसमूह को भावविभोर कर दिया। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के व्याख्याता जयपाल सिंह कंवर एवं रेणुका लदेर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। समापन अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य रणधीर सिंह ने मुख्य अतिथि एवं सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया तथा विद्यार्थियों को जनजातीय गौरव पखवाड़ा के संदेश को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

## स्वामी विवेकानंद व अब्दुल कलाम से प्रेरणा लें छात्र : विधायक तुलेश्वर मरकाम

**कोरबा ।** कोरबा जिले में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम विद्यालय लाफा, माखनपुर और बक्साही के राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों का विशेष शिविर भारत भवन धौराभाठा में शुरू हुआ। मुख्य अतिथि पाली-तानाखार विधायक तुलेश्वर मरकाम थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य जी.पी. बंजारे ने की। विशिष्ट अतिथि सरपंच सुशील जगत, विधायक प्रतिनिधि कुलदीप मरकाम, जनपद सदस्य मधुलता मरकाम, संगीता कोराम, सरपंच शशि लता मरावी, पंचराम जगत, विष्णु कुमार पटेल उपस्थित रहे।




मुख्य अतिथि विधायक श्री मरकाम ने कहा कि शिविर का नशा मुक्त समाज के लिए युवा थीम है। युवाओं को नशे से दूर रहना चाहिए। इसके साथ ही सोशल मीडिया के समय में इसका उपयोग भी सावधानी पूर्वक करना चाहिए। हमें जीवन में आगे बढ़ने के लिए विवेकानंद के विचार को साकार करने की जरूरत है। पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की संघर्ष गाथा से हमें सीख लेनी चाहिए। कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प, असफलता से कभी हार ना मानते हुए निरंतर नई जोश और उत्साह के साथ आगे बढ़ते रहना चाहिए। समाज और प्रकृति के प्रति सेवा जरूरी है।

प्राचार्य ने राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर को छात्रों के सर्वांगीण विकास का पाठशाला बताया। शिविर में रोज विभिन्न कार्यक्रम होंगे। इस मौके पर सरपंच संघ पाली के अध्यक्ष छत्रपाल सिंह राज, कार्यक्रम अधिकारी हरिशंकर डिक्सेना सतीश साहू, सावित्री साहू, प्रमिला, सुनील जायसवाल, हेड मास्टर संजय कुमार, सीएससी वीरेंद्र जगत, हरप्रसाद डहरिया, अश्विनी कुमार दिनकर सुलोचना मरावी, भारती उईके, गोपाल टेकाम, प्रकाश कश्यप सहित स्वयंसेवक मौजूद रहे। विधायक श्री मरकाम ने विद्यालय परिसर में चंदन के पौधे भी लगाए। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी महावीर प्रसाद चंद्रा और आभार प्रदर्शन गोविंदराम देवांगन ने किया।

## ग्रामीण पहुंच रहे ट्रैक्टर लेकर हाथियों को भगाने

**कोरबा।** वन मंडल कोरबा में अभी 30 हाथी घूम रहे हैं। जानकारी के अनुसार 9 हाथियों का झुंड वापस छाल रेंज लौट चुका है। हाथियों ने 22 किसानों की धान की फसल को नुकसान पहुंचाया है। ग्रामीण अब ट्रैक्टर लेकर हाथियों को भगाने खेत पहुंच रहे हैं। हाथी के हमले में ग्राम बोतली निवासी शिवनारायण की मृत्यु हो गई थी।

## मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह की उपस्थिति में मंडल स्तरीय कार्यशाला में संगठन सशक्तिकरण पर दिया गया जोर

**कोरबा ।** कोरबा जिले के ग्राम पसान में भारतीय जनता पार्टी पसान मंडल द्वारा आयोजित मंडल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह मरावी ने की।



उक्त आयोजित कार्यशाला में मंडल पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बूथ स्तर के सक्रिय सदस्यों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। इस अवसर पर मुख्य अतिथि पवन सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक शक्ति इसलिए बनी है क्योंकि इसके कार्यकर्ता राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर तन, मन और समय समर्पित करते हैं। बूथ ही भाजपा की शक्ति का केंद्र है और प्रत्येक कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पहचान है। उन्होंने आगे कहा कि आने वाले चुनावों में कार्यकर्ताओं की एकजुटता और संगठन की मजबूती ही विजय का आधार बनेगी। उन्होंने सभी बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लें।

मंडल अध्यक्ष प्रताप सिंह मरावी ने कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि संगठन के विस्तार के लिए प्रत्येक कार्यकर्ता को अपने क्षेत्र में सक्रिय रहना होगा। उन्होंने बताया कि इस कार्यशाला के माध्यम से बूथ संचालन, मतदाता संवाद एवं सामाजिक समरसता पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया।इस अवसर पर मंडल महामंत्रीगण, मोर्चा प्रकोष्ठ के संयोजक, वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा की सदस्याएं उपस्थित रहीं। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री द्वारा किया गया एवं आभार प्रदर्शन मंडल उपाध्यक्ष ने किया।

## पाली मंडल में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यशाला संपन्न

**कोरबा ।** निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत पाली मंडल भाजपा द्वारा महामाया मंदिर प्रांगण में एक जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री अजय दुबे मुख्य अतिथि एवं मार्गदर्शक के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने भारत माता, पंडित दीनदयाल उपाध्याय और डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैलचित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यशाला का संचालन मंडल महामंत्री कामता जायसवाल ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल ने की। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष पुनरीक्षण का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र नागरिक मतदाता सूची से वंचित न रहे और प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को जनजागरण का माध्यम बनाए।



मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए जिला मंत्री अजय दुबे ने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि वह घर-घर जाकर पात्र मतदाताओं का नाम सूची में दर्ज कराए। उन्होंने इस प्रक्रिया के तकनीकी पहलुओं की विस्तृत जानकारी कार्यकर्ताओं को दी और कहा कि यह अभियान लोकतंत्र को मजबूत करने का आधार है।

इस अवसर पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता, बूथ अध्यक्ष, सचिव एवं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कीर्ति कश्यप, मंडल उपाध्यक्ष हरीश चावड़ा, रूपेश कंवर, महामंत्री तारकेश्वर पटवा, जिला मीडिया प्रभारी भाजयुमो दीपक शर्मा सहित आसपास के क्षेत्रों से भी कार्यकर्ता सम्मिलित हुए।

# कलचुरी कलार महोत्सव कार्यक्रम संपन्न

**कोरबा।** मुख्यमंत्री विष्णु साय ने कहा कि कलचुरी कलार समाज का इतिहास बहुत ही लंबा रहा है ,1200 वर्षों तक देश में साम्राज्य किया कल्चुरी कलार समाज एक ऐसा समाज है जो कि देश विदेश तक में भी इतने लंबे शासनकाल नहीं किए। महामाया की नगरी देवी के मंदिर में पूजा अर्चना किए छत्तीसगढ़ में खुशी हाली, सुख समृद्धि के लिए देवी से प्रार्थना किया ।मैं एक छोटा सा गांव का व्यक्ति पूरी छत्तीसगढ़ का मुखिया हूं यह भी माता का आशीर्वाद है। छत्तीसगढ़ को आगे विकास की दिशा में ले जाना है। छत्तीसगढ़ खनिज संपदा से भरपूर है ।2023 के चुनाव में मोदी की गारंटी जो मोदी बोलते हैं वह पूरा करते हैं ।मोदी 24 घंटे में 18 घंटे भी काम करते हैं भारत देश एक आदर्श देश है ।जो अपने दुश्मन को घर में घुसकर मारते हैं ।महतारी वंदन एक-एक हजार रुपया 31वां किस्त भी दिया गया ।बस्तर के 307 गांव को आबाद कर दिया गया 7000 महतारियों को महतारी वंदन दिया गया ।नए उद्योग नीति छत्तीसगढ़ में लागू किया जाएगा ।देश दुनिया से महामाया नगरी रतनपुर में लाखों करोड़ों श्रद्धालु लोग आते हैं। यहां पर इसलिए 100 बिस्तर वाला हॉस्पिटल और कलचुरी भवन बनवाया जाएगा बाकी मांग अध्यक्ष मोहित जायसवाल के बातों पर विचार किया जाएगा ।श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री ने कहा कि हम सभी के लिए गौरव की बात है की कल्चुरी कलार समाज का सम्मेलन में बड़ी संख्या में माताएं बहने सभी लोग उपस्थित हुए हैं। हमारे मुख्यमंत्री आदरणीय भी है छत्तीसगढ़ ऐसे राजधानी में काम कर रहा हूं जहां 1200 सालों तक हमारा इष्ट देव शासन किये। हमारे समाज को कैबिनेट का दर्जा



दिए ।बस्तर में 75 उपजाति के लोग रहते हैं और सरनेम को नाग ,भंडारी जैसे सरनेम भी लिखते हैं । आप सभी से निवेदन है जनगणना में कलार लिखवाए ।कलचुरी का शासन काल में पेयजल, सड़क, शिक्षा का विकास तेजी से हुआ है ।कटघोरा में भी सहस्त्रबाहु चौक एवं गेट निर्माण के लिए माननीय मुख्यमंत्री घोषणा किए हैं रायपुर में भी भगवान सहस्त्रबाहु चौक की स्थापना किया जाएगा।

मोहित जायसवाल अध्यक्ष ने कहा कि कलचुरी वंश ऐतिहासिक नगरी रतन देव की पावन धरती रतनपुर में हमारे छत्तीसगढ़ प्रदेश के मुख्यमंत्री आदरणीय विष्णु सहाय जी विराजमान है, आप सभी का स्वागत है। मंच पर कलचुरी वंश का पूरा इतिहास दिखाया गया यहां तक की माहिष्मती नामक पिक्चर भी बन गया है। जो देश में बहुत ज्यादा प्रसिद्ध हुआ है। मुख्यमंत्री से समाज की ओर से कुछ मांगे इस प्रकार है - रतनपुर में 100 बेड वाला हॉस्पिटल का निर्माण, प्रतिवर्ष कलचुरी कलार महोत्सव के लिए 25-25 लाख रुपया घोषणा किया जाए , कलचुरी भवन बनवाया जाए रतनपुर में चारों दिशाओं में चार गेट भगवान सहस्त्रबाहु के नाम से बनवाया जाए।इसके अलावा डॉ सुनील जायसवाल,जयनारायण चौकसे,विजय जायसवाल एवं अन्य लोग भी उद्बोधन किए ।कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिलों गांव ग्रामीण से भी 20 हजार से अधिक सामाजिक लोग उपस्थित रहे। भोजन के लिए चार टाल लगाए गए थे जिसमें किसी सामाजिक लोगों को आसुविधा न हो पुलिस की व्यवस्था भी चुस्त दुरुस्त किया गया था।

कार्यक्रम में डॉक्टर सुनील जायसवाल संयोजक, रामगोपाल डिक्सना, रमेश जायसवाल , सुरेंद्र जायसवाल अशोक जायसवाल, बृज मोहन डिक्सेना, डॉ राजेंद्र,,शकुंतला जायसवाल ,राजकुमार ,अशोक, चंद्रकुमार, महेंद्र, रमाकांत आनंद, राजेश,अरविंद,विनय, सरला, दिक्छा,बिन्नी, नीरज संजय, राजेश, बद्री सुमन,राघवेंद्र, मायाराम, शीतल, कृष्ण रमेश ,बजरंग, दीपक चंद्र कुमार ,सुखीराम शेखर ,संजय, अजय जायसवाल , उत्तम ,संतोष संजय नारायण ,किशोर ,शेखर, प्रीति ,प्रमिला ,हेमलता रिचा, रंजना डिक्सेना, किरण जयसवाल, डॉ शकुंतला , रश्मि ,अर्चना,सुनीता, मुक्ता ,गीता ,पुष्पा, साधना, संध्या ,विनीता निधि ,दीपिका, रागनी निर्मला ,अंजू, ऋतु रश्मि ,रमेश,ऊषा,अश्वनी का अथक सहयोग रहा।

# गौरा-गौरी पूजा पर निकाली गई शोभायात्रा



**राहौद।** नगर पंचायत राहौद में पारंपरिक आस्था और उल्लास के साथ गौरा-गौरी पूजा का आयोजन हुआ। यह पर्व क्षेत्र की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत रखने का माध्यम है और नगरवासियों ने बड़ी संख्या में इसमें भाग लिया। सुबह से ही महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में पूजा की तैयारी में जुट गईं। ढोल-नगाड़ों और लोकगीतों की गूंज के बीच श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद नगर के विभिन्न मार्गों पर शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें लोग पारंपरिक नृत्य और गीतों के माध्यम से देवी-देवताओं का आशीर्वाद लेने उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

पूजा के समापन पर गौरा-गौरी का विसर्जन किया गया। नगर पंचायत के अधिकारियों और समाजसेवियों ने व्यवस्था बनाए रखी और श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित की। इस दौरान देवी-देवताओं के जयकारे गूंजे और स्थानीय संस्कृति का आनंद उठाया गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि गौरा-गौरी पर्व केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एकता और सामूहिक उत्सव का अवसर भी है। इस आयोजन से बच्चों और युवाओं में अपनी सांस्कृतिक पहचान को समझने और अपनाने की भावना मजबूत होती है।

# नहीं बेचेंगे महुआ शराब, पुलिस के सामने ली शपथ

**अकलतरा -कोटमीसोनार।** ग्राम कोटमी सोनार में पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय की अध्यक्षता में नशा मुक्ति एवं जनजागरण अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य धनुवार, सबरिया और गोंड जनजाति समाज को नशे की बुराइयों से मुक्त कर मुख्यधारा से जोड़ना था। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच रेखा सोनी ने की।

एसडीओपी प्रदीप शोरी, मोटिवेशनल स्पीकर श्रवण कुमार गोंड, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रदीप सोनी और उपसरपंच बालूराम मनहर विशिष्ट अतिथि रहे। पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पांडेय ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं और महुआ शराब की अवैध बिक्री जैसी समस्याएं समाज को कमजोर कर रही हैं। उन्होंने बताया कि महुआ से पारंपरिक पूजा जुड़ी है, लेकिन इसे व्यापारिक रूप में उपयोग करना अवैध है। उन्होंने जनजाति समाज को महुआ शराब की बिक्री बंद करने की शपथ दिलाई। मोटिवेशनल स्पीकर श्रवण कुमार गोंड ने युवाओं से शासन की योजनाओं का लाभ उठाकर नए व्यवसाय अपनाने की अपील की।



सरपंच रेखा सोनी ने शराब को समाज के लिए अभिशाप बताते हुए महिलाओं को विहान योजना से जोड़ने और बच्चों को शिक्षित करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में समाजसेवी और शिक्षित व्यक्तियों का सम्मान किया गया तथा बच्चों को कॉपी-पेन वितरित किए गए। धनुवार समाज ने पुलिस अधीक्षक को तीर-कमान प्रतीक चिन्ह भेंट किया। संचालन गणेश राम साहू ने किया और आभार पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी राजेंद्र सिंह क्षत्रिय ने व्यक्त किया। कार्यक्रम में पंच श्रीराम मल्होत्रा, कार्तिक गोंड, गंगा प्रसाद मल्होत्रा, डॉ. मिरी, घासीराम धनुवार, राजकुमार धनुवार, नरसिंह गोंड, रमेश धनुवार और देवनाथ धनुवार सहित बड़ी संख्या में धनुवार, गोंड और सबरिया समाज के लोग उपस्थित रहे।

# गौठान में करंट से मवेशियों की मौत होने की पुष्टि हुई पीएम रिपोर्ट में

**जांजगीर।** थाना शिवरीनारायण क्षेत्र के ग्राम सलखन स्थित गौठान परिसर में 14 मवेशियों की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने सरपंच रामकृष्ण कश्यप(56) को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।



एसपी विजय कुमार पांडेय ने घटना को गंभीरता से लेते हुए जांच के निर्देश दिए थे। उनके निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप और अनुविभागीय अधिकारी पुलिस यदुमणि सिदार के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई। जांच के लिए थाना प्रभारी शिवरीनारायण और पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी रामप्रसाद बघेल को मौके पर भेजा गया। 06 अक्टूबर को पुलिस टीम सलखन गौठान पहुंची, जो कचंदा मार्ग पर स्थित है। वहां पाया गया कि गौठान के सामने रोड किनारे झटका तार से घेरा किया गया था। इसके अंदर बने नवा तालाब के आसपास 7 गाय और 7 बैल मृत अवस्था में मिले।

इसके अलावा 5 मवेशियों के कंकाल और 3 मवेशी घायल अवस्था में पाए गए। घायल मवेशियों का तत्काल उपचार कराया गया। मौके पर पंचनामा तैयार कर मृत मवेशियों और कंकाल का पशु चिकित्सक द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। प्रारंभिक जांच में झटका तार से करंट लगने से मवेशियों की मौत होना पाया गया। इस पर थाना शिवरीनारायण में धारा 325 भारतीय न्याय संहिता और 11(1)(क) पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। पुलिस ने जांच के बाद आरोपी सरपंच रामकृष्ण कश्यप को पशु क्रूरता और लापरवाही के आरोप में गिरफ्तार कर कार्यपालिक दंडाधिकारी शिवरीनारायण के न्यायालय में पेश किया। घटना के बाद क्षेत्र में तनाव की स्थिति न बने, इसके लिए पुलिस बल तैनात किया गया है।

## युवक का अपहरण कर लूटपाट दो आरोपी पकड़े गए, एक फरार

**बाराद्वार।** बाराद्वार युवक के अपहरण, लूटपाट और मारपीट का मामला सामने आया है। पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि तीसरा फरार है।

वार्ड नंबर 6 निवासी अनिल कुमार नामदेव (34), जो ओडिशा के लांजीगढ़ में प्लांट ऑपरेटर हैं, 7 नवंबर की रात जनशताब्दी ट्रेन से बाराद्वार स्टेशन पहुंचे। घर जाते समय वार्ड नंबर 10 के मेन नहर पुल के पास दो युवक बाइक से आए और घर छोड़ने का बहाना कर अनिल को जबरन बाइक पर बैठाकर ग्राम पलाडीखुर्द ले गए। कुछ देर बाद एक अन्य युवक भी वहां पहुंचा। तीनों ने मिलकर अनिल से मोबाइल, लैपटॉप, नए कपड़े और 1,100 रुपए नगद लूट लिए। इसके अलावा फोन पे से 11,700 रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

# अस्पताल से बंदी के फरार होने पर जेल प्रहरी बर्खास्त

**जांजगीर।** जिला जेल जांजगीर से इलाज के दौरान फरार हुए विचाराधीन बंदी के मामले में गंभीर लापरवाही बरतने पर जेल प्रहरी को बर्खास्त कर दिया गया है। धोखाधड़ी के आरोप में गिरफ्तार पंचराम निषाद उर्फ पंचू(37), निवासी चंदेली थाना चंद्रपुर, हाल सरायपाली जिला महासमुंद, जिला जेल खोखरा भांठा जांजगीर में बंद था।

उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल जांजगीर में भर्ती कराया गया था। 8 नवंबर को इलाज के दौरान ड्यूटी पर तैनात जेल प्रहरी भुनेश्वर सिंह पैकरा की लापरवाही से बंदी फरार हो गया। इस घटना को गंभीर मानते हुए कार्यालय पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चांपा द्वारा मामले की जांच कर लापरवाहीपूर्वक कर्तव्य पालन के लिए प्रहरी के खिलाफ प्रतिवेदन भेजा गया था। प्रकरण की पुष्टि होने पर भुनेश्वर सिंह पैकरा को बर्खास्त कर दिया गया है।

# सर्वे करने गए बीएलओ के घर चोरी, आरोपी पकड़ाए




**जांजगीर।** मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम नरियरा में शिक्षक और बीएलओ के घर चोरी की वारदात हुई। चोरों ने घर का ताला तोड़कर चावल, बर्तन और नकदी समेत कीमती सामान चोरी कर लिया। घटना घर के पास लगे कैमरे में कैद हो गई। फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान कर पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है।

शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय नरियरा के शिक्षक विमलेश कुमार महिपाल 7 नवंबर की सुबह करीब 9:35 बजे बीएलओ कार्य के लिए फील्ड पर गए थे। उनकी पत्नी मायके गई हुई थीं। दोपहर करीब 12:55 बजे पड़ोसी नीता महिपाल ने फोन कर सूचना दी कि चार-पांच अज्ञात लोग उनके घर में घुसे हैं। विमलेश ने बड़े भाई नरेंद्र महिपाल को जानकारी दी और तुरंत घर पहुंचे।

करीब 3.15 बजे उन्होंने देखा कि चार कमरों के दरवाजों और दो अलमारियों के ताले टूटे हुए थे। घर का सामान बिखरा पड़ा था। चोर घर से दो कट्टी चावल, दो कट्टी धान, कांसे के बर्तन और 60 हजार रुपए नकद समेत करीब 75 हजार रुपए का सामान ले गए। पड़ोसी प्रजीत महिपाल ने कैमरे की फुटेज चेक की, जिसमें चार लोग घर में घुसते और बोरी उठाकर जाते दिखे। फुटेज से फलेश्वर महिपाल, अवधेश महिपाल, आशिष महिपाल और धीरेन्द्र महिपाल की पहचान हुई। विमलेश ने थाना मुलमुला में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

# रजत जयंती वर्ष पर छत्तीसगढ़ी संस्कृति की दिखी झलक



**जांजगीर।** छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूरे होने पर वर्ष 2025 को राज्य शासन ने रजत जयंती वर्ष के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी अवसर पर ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जांजगीर के विद्यार्थियों ने जांजगीर ग्राउंड में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर छत्तीसगढ़ की समृद्ध लोक संस्कृति को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम स्थल मोर छत्तीसगढ़, मोर गौरव के नारों से गूंज उठा। इसमें विद्यालय परिवार और नगरवासियों की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना से हुआ। इसके बाद विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी प्रस्तुतियों की झड़ी लगाई। विशेष रूप से छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सुआ गीत फुलगे चिरैया पर नृत्य ने छत्तीसगढ़ की लोक परंपरा की झलक दिखाई।

नृत्य की ताल, हाव-भाव और परिधान ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजकों ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में राज्य की संस्कृति और परंपरा के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाना है। साथ ही बच्चों को अपनी जड़ों और सांस्कृतिक मूल्यों से जोड़ना भी इसका लक्ष्य है। कार्यक्रम डॉ. सुरेश यादव के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इसे सफल बनाने में प्रिया कोसरे, रीनू राठौर, राकेश पथारे और विनोद कुमार बरेठ सहित अन्य शिक्षकों का योगदान रहा।

# 16 हजार की उठाईगिरी के मामले में पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**जांजगीर।** शहर के व्यस्त बुधवारी बाजार में सब्जी व्यापारी का थैला बदमाश उठा ले भागा। थैले में रुपए, मोबाइल फोन और महत्वपूर्ण दस्तावेज रखे थे। दर्राभाठा ठठारी निवासी सब्जी विक्रेता संतोष कुमार साहू रोजाना की तरह बुधवार को छोटा हाथी गाड़ी में सब्जियां बेचने आया था।

उसने विजय एल्युमिनियम दुकान के सामने रोड किनारे आलू-प्याज का ठेला लगाया था। शाम करीब 5 से 6 बजे के बीच किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसका थैला चोरी कर लिया। थैले में मोबाइल फोन (कीमत लगभग 4,000 रुपए), वाहन की चाबी, आधार कार्ड एवं पैन कार्ड की प्रतियां और लगभग 16,000 रुपए रखे थे।

सूचना मिलने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, चोरी गए सामान की कुल कीमत लगभग 20,000 रुपए आंकी गई है। जबकि व्यवसायी के अनुसार उसे बदमाश ने उसके 50 हजार रुपए पार कर दिए हैं। पीड़ित ने आसपास के फुटेज खंगाले तो पाया कि जब वह सब्जी बेचने में व्यस्त था, उसी समय एक युवक पीछे आकर खड़ा हुआ। आसपास नजरें घुमाने के बाद वह उसके बगल में रखे थैले लेकर चलता बना। बहरहाल पुलिस मामला दर्ज जांच शुरू कर दी है।

## भजन मंडलियों ने प्रस्तुतियों से भक्तिमय बना दिया वातावरण

**चांपा।** भक्ति और मानवता के संदेश को समर्पित विश्व अखंड भजन का आयोजन श्री सत्य साई सेवा संगठन, चांपा जिला (छत्तीसगढ़) के तत्वावधान में अत्यंत श्रद्धा और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। यह भव्य आयोजन देवांगन धर्मशाला, लक्ष्मी तालाब के पास, चांपा में दो दिवसीय रूप में आयोजित किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर दिव्यता और भक्ति का अनुभव किया। कार्यक्रम शनिवार की शाम 6 बजे विधिवत दीप प्रज्वलन और साई भजन के साथ हुआ। इसके बाद निरंतर 24 घंटे तक साई नाम के मधुर भजन गूंजते रहे। भक्तों ने तन-मन से साई भक्ति में लीन होकर प्रेम, सद्भावना और सेवा का संदेश प्रसारित किया। 9 नवम्बर, रविवार की सुबह से विशेष भजन सत्र का आयोजन हुआ, जिसमें क्षेत्र के अनेक भजन मंडलियों और श्रद्धालुओं ने अपनी सुमधुर प्रस्तुतियों से वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया।

# संघ ने शासन की गाइडलाइन का पालन करने दिया जोर



**जांजगीर।** जिला औषधि विक्रेता संघ जांजगीर-चांपा द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ नेता एवं संघ के संरक्षक नरेंद्र पालीवाल, नरेश अग्रवाल, देवेश सिंह, अध्यक्ष अविनाश शर्मा सचिव पवन कुमार पालीवाल कोषाध्यक्ष दीपक गोयल समेत अन्य उपस्थित थे। समारोह की शुरुआत भगवान धन्वंतरी की पूजा एवं दीप प्रज्वलन से हुई। इसके बाद वरिष्ठ कैबिनेट सदस्य ने विभिन्न लोगों का सम्मान किया। कार्यक्रम में शासन की नीतियों के अनुसार व्यवसायिक सलाह भी दी गई। संघ द्वारा शासकीय गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों ने मिलकर संघ के विकास और औषधि व्यवसाय को बेहतर बनाने पर चर्चा की। इस अवसर पर ड्रग इंस्पेक्टर सुमित परिहार का सम्मानि कया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन कोमेश अग्रवाल ने किया। अंत में सभी सदस्यों ने आपसी सौहार्द और एकता का संकल्प लिया।

# देश को जोड़ने में पटेल का महत्वपूर्ण योगदान: जांगड़े

**सक्ती।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में राष्ट्रीय एकता, सामाजिक जिम्मेदारी और देशभक्ति की भावना को सशक्त करने के उद्देश्य से जिले में यूनिटी मार्च पदयात्रा का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारत सरकार द्वारा शुरू किए गए यूनिटी मार्च अभियान के अंतर्गत हुआ। सक्ती जिले में पदयात्रा का शुभारंभ तुर्रीधाम से सुबह 9 बजे हुआ। सांसद कमलेश जांगड़े ने भगवान शिव और बुढ़ादेव की पूजा कर तथा सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन कर यात्रा शुरू की। पदयात्रा तुर्रीधाम से सामुदायिक भवन सक्ती तक निकाली गई। यात्रा के दौरान डड़ाई चौक स्थित अटल चौक पर सरदार पटेल और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। कस्तुरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय नगरदा की छात्राओं ने अनेकता में एकता की थीम पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। ग्राम अचानकपुर, खैरा और असौंदा में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम और नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए। नवधा चौक पर बच्चों ने नाटक की प्रस्तुति देकर आगंतुकों का स्वागत किया। डोडकी में जैतखाम की पूजा और सक्ती नगर स्थित अटल चौक व राधा कृष्ण मंदिर में पूजा-अर्चना की गई। सेजेस कसेर पारा के बच्चों ने भी नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया।

# जनऔषधि केन्द्र से सस्ती दवाएं नहीं मिल पा रही हैं आम लोगों को

**जांजगीर।** नैला रेलवे स्टेशन पर स्थापित प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र पिछले कई दिनों से बंद है, जिसके कारण जरूरतमंद यात्रियों को इसकी पर्याप्त सुविधा नहीं मिल पा रही है। लोगों को सस्ती और अच्छी दवाइयां उपलब्ध कराने के उद्देश्य से इस केंद्र का शुभारंभ पीएम मोदी ने वर्चुअल माध्यम से 12 मार्च 2024 को किया था। हालांकि, यह जन औषधि केंद्र केवल कुछ दिनों तक ही खुला रहा और जिस सुविधा का वादा किया गया था, वह लोगों को नहीं मिल पाई।




यह केंद्र केवल कागजों तक ही सीमित रह गया है, क्योंकि न तो यह समय से खुलता है और न ही यहां सभी प्रकार की दवाइयां उपलब्ध होती हैं। यह अक्सर बंद रहता है, जिससे जरूरतमंदों को दवा नहीं मिल पाती है। इसके कारण लोगों को दूर-दूर भटकना पड़ता है और वे सस्ती दवा की जगह महंगी दवाएं लेने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

जन औषधि केंद्र में मिलने वाली दवाएं मेडिकल स्टोर में मिलने वाली मेडिसिन की तुलना में 60त्न तक कम रेट पर मिलती हैं, लेकिन बंद होने के कारण लोगों को इस बड़ी सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है। यात्री स्टेशन पर स्थित इस केंद्र से सस्ती दवाएं लेने की उम्मीद करते हैं, लेकिन कई दिनों से केंद्र बंद होने के कारण उन्हें निराशा हाथ लग रही है। नगर के बीटीआई चौक से लेकर चांपा रोड तक सड़क का चौड़ीकरण किया गया है, लेकिन दुकान, मॉल व अस्पतालों के पास लोग सड़क पर ही वाहन पार्क कर रहे हैं, जिसके कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। शाम होते ही वाहनों का दबाव बढ़ जाता है और हादसे की संभावना बनी रहती है। -अमित सिंह शहर के मार्गों पर इन दिनों मवेशियों का जमावड़ा लोगों के लिए बड़ी परेशानी का सबब बन गया है। सुबह से लेकर देर रात तक मुख्य मार्गों पर झुंड के रूप में बैठे रहने से यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई है। मवेशियों के कारण आए दिन वाहन चालकों को रुकना पड़ता है, जिससे जाम की स्थिति बन जाती है। कई बार इन आवारा पशुओं के अचानक सड़क पर आ जाने से दुर्घटनाओं की संभावना भी बढ़ जाती है।

– प्रिंस श्रीवास

सड़क पर मवेशी, आवाजाही में हो रही परेशानी

शहर के नेताजी चौक से होकर नैला रेलवे स्टेशन जाने वाली सड़क की हालत इन दिनों बेहद खराब हो चुकी है। सड़क में कई जगह गड्ढे हो गए हैं। यह स्टेशन जाने वाला मुख्य मार्ग है, जिससे रोजाना बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं। खराब सड़क के कारण लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

– महेंद्र साहू


# जैजेपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 12 को

## डॉ नागेन्द्र और उनकी टीम देगी सेवाएं

**सक्ती।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के शुभ अवसर पर निशुल्क अस्थि खनिज घनत्व जांच, नि:शुल्क मधुमेह रक्त शर्करा जांच, तथा स्त्री, पुरुष एवं बच्चों के सभी सामान्य, साध्य, कष्टसाध्य, एवं असाध्य रोगों हेतु निशुल्क आयुर्वेद-योग चिकित्सा परामर्श एवं उपचार शिविर छत्तीसगढ़ यादव समाज (33 जिले), लायंस क्लब एवरेस्ट (क्लब नंबर 096456), पतंजलि आरोग्य केंद्र, शांतिकुंज गायत्री परिवार जैजैपुर एवं माई लाइफ माई स्टाइल ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में पतंजलि आरोग्य केंद्र, नरेश मेडिकल डिस्ट्रिब्यूटर एचडीएफसी बैंक के पास मेन रोड जैजैपुर में प्रात: 10 बजे से मध्यान्ह 2 बजे तक आयोजित है ।

पतंजलि योगपीठ हरिद्वार से प्रशिक्षित





अनुभवी छत्तीसगढ़ प्रांत की ख्यातिलब्ध चिकित्सिका नाड़ीवैद्या डॉ.वागेश्वरी शर्मा एवं पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य नाड़ीवैद्य डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा देंगे अपनी चिकित्सकीय सेवायें।

प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेंद्र यादव ने बताते हुए कहा कि शिविर में आये प्रथम पंजीकृत 100 रोगियों की 2200 रुपये मूल्य की अस्थि खनिज घनत्व (बोन मिनरल डेंसिटी) की जांच दिल्ली के टैक्नीशियन द्वारा निशुल्क की जायेगी। जिससे संबंधित रोगोपचार हेतु निशुल्क जानकारी तथा परामर्श चिकित्सकों द्वारा दिया जायेगा। साथ-साथ मधुमेह रोगियों की रक्त शर्करा की जांच नि:शुल्क करने के साथ उसकी परीक्षित औषधि भी निशुल्क दी जायेगी। साथ ही रोगियों को उनके लिए उपयोगी योगाभ्यास तथा प्राणायाम का व्यक्तिगत रूप से अभ्यास कराकर विशेष प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया जाएगों पंजीयन कराने हेतु मोबाइल नंबर 6232155829 पर संपर्क कर जांच हेतु निर्धारित समय प्राप्त किया जा सकता है जिससे शिविरार्थियों को असुविधा न हो ।

*__अकलतरा।__ नगर के पंच देव मंदिर परिसर में भवानी जन सेवा समिति द्वारा रायपुर के प्रसिद्ध एमजीएम नेत्र संस्थान के सहयोग से निशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पवन सुल्तानिया, राजेश अग्रवाल, डॉ. हरि कृष्ण अग्रवाल और प्रकाश केडिया की उपस्थिति में हुआ।

# प्रेग्नेंसी में बच्चे के मानसिक विकास पर नकारात्मक असर डालता है नशा

**जांजगीर।** समाजसेवी संस्था लायंस क्लब जांजगीर नैला ने रविवार को मारवाड़ी धर्मशाला, नैला में मानसिक असमान्यता और विकास में विलंब से प्रभावित बच्चों व वयस्कों के उपचार, विकास और पुनर्वास के लिए निशुल्क मनोचिकित्सा एवं बाल विकास शिविर का आयोजन किया। शिविर में मनोचिकित्सक व पुनर्वास विशेषज्ञ डॉ. ग्रेस कुजूर (कुनकुरी) अपने सहयोगी स्टाफ के साथ मौजूद रहीं। उन्होंने मानसिक बीमारियों के कारण, लक्षण, पहचान और उपचार के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी।

डॉ. कुजूर ने बताया कि बच्चे के संज्ञानात्मक और भाषाई विकास में ब्रेन की स्टोरेज क्षमता और एकाग्रता की अहम भूमिका होती है। जब बच्चा ध्यान केंद्रित करना सीखता है तभी वह शब्दों को पहचानकर बोलना सीख पाता है। इसलिए बच्चे को प्रारंभिक अवस्था से ही स्थिर बैठना और ध्यान केंद्रित करना सिखाना जरूरी है। यदि बच्चा ध्यान नहीं लगा पा रहा, अत्यधिक चंचल है या नई चीजों को समझने में कठिनाई हो रही है तो यह विकास में विलंब का संकेत हो सकता है। उनके अनुसार मानसिक रोगों के पीछे तीन मुख्य कारण हैं। आनुवंशिक, पर्यावरणीय और मानसिक व सामाजिक। प्रेग्नेंसी के दौरान धूम्रपान, शराब या ड्रग्स का सेवन, अथवा परिवार में किसी सदस्य का मानसिक रोग से ग्रस्त होना बच्चे के मानसिक विकास पर नकारात्मक असर डालता है। प्रदूषित वातावरण, असंतुलित खानपान, शारीरिक निष्क्रियता और सोशल मीडिया की अधिकता आज की पीढ़ी में मानसिक असंतुलन के प्रमुख कारण बन चुके हैं। शिविर को सफल बनाने में लायंस क्लब के देवेश सिंह, राजेश पालीवाल, विष्णु धानुका, धीरज जैन, रिशीकेस उपाध्याय, वीके पैगवार, रिकेश अग्रवाल, जूही गौराहा, नमीशा थवाईत, स्मृति गौरहा, बृजेश गौरहा, हेमंत निमाजी का योगदान रहा।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर, जिला-कोरिया (छ.ग.)**

क्रमांक/3346/न.पा.परि./2025 बैकुण्ठपुर दिनांक 07/11 /2025

**// ईश्तहार//**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को ईश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका शारदा गौतम पति रामप्यारे गौतम निवासी जनकपुर थाना तह. बैकुण्ठपुर जिला-कोरिया छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर नगर पालिका काम्प्लेक्स कार्यालय के नीचे दुकान क्रमांक C-9 एवं G-3 दुकान निकाय द्वारा वर्ष 2013-14 श्रीमती नगमा तब्बसूम पति श्री जियाउल हक एवं मेरे द्वारा हम दोनों के द्वारा साझेदारी में दुकान लेकर व्यापार करना शुरू किये थे वर्तमान में श्रीमती नगमा तब्बसूम पति श्री जियाऊल हक द्वारा लगाई गई समस्त राशि वापस ले लिया गया है एवं आवेदिका शारदा गौतम पति रामप्यारे गौतम को सौंप दिया गया है। उक्त संबंध में दोनों व्यक्तियों द्वारा शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है। उक्त दुकान को शारदा गौतम पति रामप्यारे गौतम के नाम से नामांतरण किया जाना है। जिस किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर इस कार्यालय में दिनांक 18.11.2025 को 02:00 बजे तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर कोई सुनवाई नहीं होगी।

सील

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद बैकुण्ठपुर**
**जिला-कोरिया (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मै शशिभूषण नेता पिता जी.आर.नेताम उम्र 52 वर्ष निवासी वार्ड क्र.33 शांति नगर हा.बोर्ड कालोनी बालकोनगर जिला कोरबा सूचित करता हूं कि मेरे पुत्र अक्षत नेताम का प्रवेश दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको में कक्षा नर्सरी में करवाया था। प्रवेश के समय जन्म प्रमाण पत्र में बच्चे का नाम अक्षत दर्ज था। इसी प्रमाण पत्र के आधार पर अभी तक दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको के सभी दस्तावेजों में पुत्र का नाम दर्ज किया गया है। जन्म प्रमाण पत्र में आवश्यक संशोधन कर पुत्र का नाम अक्षत नेताम हो गया है जिसे मैं दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको के रिकार्ड में भी दर्ज करवाना चाहता हूं। इस सूचना के माध्यम से अवगत कराया जाता है कि पुत्र का पूर्व नाम अक्षत और नया नाम अक्षत नेताम एक ही व्यक्ति अर्थात मेरे पुत्र के नाम है। नोटरी द्वारा सत्यापित यह शपथ पत्र मेरे पुत्र के नए जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार दिल्ली पब्लिक स्कूल बालको नगर में दर्ज करवाने हेतु प्रस्तुत है।

**शपथकर्ता**
**शशि भूषण नेताम**
**शांति नगर, बालको**

## अनमोल वचन......

मुश्किलें आएंगी, लेकिन
हार मानना कभी मत।

# भारतीय उम्मीदों पर अमेरिका खरा नहीं उतरा

*फाउंडेशनल एग्रीमेंट्स के साथ भारत अमेरिका की सामरिक रणनीति में सहयोगी बना, तो अपेक्षा थी कि अमेरिका भारत की सुरक्षा के प्रति समान रूप से संवेदनशील बनेगा। लेकिन ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय उम्मीदों पर अमेरिका खरा नहीं उतरा।*

*भारत- अमेरिका के बीच रक्षा संबंध और गहरा करने के लिए दस साल के फ्रेमवर्क समझौते पर दस्तखत के बाद रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि 'इसका मकसद रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए एकीकृत दृष्टिकोण एवं नीतिगत दिशा प्रदान करना है।' अगर ऐसा सचमुच हो सका, तो भारत के आश्वस्त रहने के लिए इससे एक बड़ी वजह मिलेगी। मगर ऑपरेशन सिंदूर के दरम्यान भारत को जो तजुर्बा हुआ, उसके मद्देनजर यह अगर बहुत बड़ा नजर जाता है। 2016 से 2020 के बीच रक्षा क्षेत्र में सहयोग के लिए भारत और अमेरिका में चार महत्तवपूर्ण समझौते हुए थे, जिन्हें फाउंडेशनल (मूलभूत) करार के रूप में जाना जाता है।*

*लॉजिस्टिक्स आदान-प्रदान मेमॉरेंडम समझौता, संचार अनुकूलता एवं सुरक्षा करार, बुनियादी आदान- प्रदान एवं सहयोग समझौता, तथा आपूर्ति व्यवस्था की सुरक्षा का समझौता होने के बाद आम समझ बनी कि भारत अब अमेरिका की रक्षा धुरी से जुड़ गया है। भारत चूंकि अमेरिका की सामरिक रणनीति में सहयोगी बना, तो यह अपेक्षा स्वाभाविक थी कि अमेरिका भारत की सुरक्षा के प्रति समान रूप से संवेदनशील एवं सक्रिय बनेगा। लेकिन जब पहलगाम में आतंकवादी हमला हुआ और उसके जवाब में भारत ने पाकिस्तान स्थित दहशतगर्द ठिकानों पर हमले किए, तो भारत की उम्मीदों पर अमेरिका खरा नहीं उतरा। भारत की सुरक्षा के लिए दूसरी बड़ी चिंता चीन है। मगर अब राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप चीन के साथ अमेरिकी संबंध को जी-2 कह रहे हैं। यानी ट्रंप वैश्विक शक्ति संतुलन को द्वि-ध्रुवीय नजरिए से देख रहे हैं। स्वाभाविक है कि उनके इस नजरिए ने भारत में चिंता पैदा की है। साथ ही क्वॉड जैसे समूह की प्रासंगिकता पर इससे सवाल उठ खड़े हुए हैं, जिसे भारत में चीन को नियंत्रित रखने के अमेरिकी उपक्रम के रूप में देखा जाता रहा है। ऐसे में यह अंदेशा लाजिमी है कि रक्षा सहयोग में भारत की भूमिका कहीं सिर्फ अमेरिकी हितों की पूर्ति करने और दोयम दर्जे के अमेरिकी रक्षा उपकरणों के खरीदार के रूप में ना रह जाए। यही कारण है कि फ्रेमवर्क समझौते पर दस्तखत की ताजा खबर से भारत में कम ही लोग आश्वस्त हुए हैं।*

## राशिफल

**मेष राशि :** आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। नौकरी कर रहे लोगों को अपनी नौकरी में उच्च अधिकारियों के द्वारा शुभ समाचार मिलेगा। मित्रों की सहायता से आपको नए-नए कांटेक्ट मिलेंगे। आप अपने व्यापार को आगे बढ़ाने में कामयाब रहेंगे। शिक्षा के क्षेत्र में सफलता मिलेगी। परिवार का सहयोग मिलेगा।

**वृष राशि :** आज का दिन आपके लिए आनंदायक रहने वाला है। आपको अपनी वाणी की मधुरता को बनाए रखना है। आपके मित्र आपसे मिलने आएगा, जिनसे मिलकर पुरानी यादें ताजा होंगी। छात्र खूब मन लगाकर पढ़ाई करते हुए नजर आएंगे। जो लोग घर से दूर रहकर नौकरी कर रहे हैं, उन्हें अपने परिवार की याद आएगी।

**मिथुन राशि :** आज का दिन आपके लिए उत्तम रहने वाला है। प्रतिदिन की दिनचर्या में सैर को शामिल करेंगे, जिससे आप अपने आप को काफी ऊर्जावान महसूस करेंगे। रिश्तेदार आपसे आर्थिक मदद मांग सकते है आप उसे निराश नहीं करेंगे। अपनी सामर्थ्य के अनुसार सहायता करेंगे। आपका ऊर्जा स्तर ऊंचा रहेगा। आप अपने रुके हुए सभी कार्यों को पूरा करने में सफल होंगे।

**कर्क राशि :** आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। परिवार के सभी लोग मिलकर किसी पार्टी में सम्मिलित होंगे, जहां अन्य लोगों से मेल- मिलाप होगा। किसी खास व्यक्ति से हुई मुलाकात से आपका रुका हुआ काम पूरा करायेगी। आज बच्चे स्कूल का काम पूरा करने के लिए आप से मदद ले सकते हैं। आपके जीवनसाथी का प्यारा बर्ताव आपको खास होने का अनुभव कराएगा।

**सिंह राशिः** आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आपके मकान, प्लॉट, दुकान को खरीदने की इच्छा पूरी होगी। संतान को अच्छी नौकरी मिलने से माता-पिता काफी खुश नजर आएंगे। आपको काफी समय से चल रही स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्या से छुटकारा मिलेगा। बिना किसी अनुभवी शख्स की सलाह के आज ऐसा कोई भी काम ना करें, जिसमें आपको कॉन्फिडेंस न हो।

**कन्या राशि :** आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। आपका धन कहां खर्च हो रहा है। इस पर आपको नजर बनाए रखने की जरूरत है, नहीं तो आने वाले समय में आपको थोड़ी परेशानी हो सकती है। आज आपको बेवजह की उलझन लेने से बचने की जरूरत है।

**तुला राशि :** आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप किसी मनपसंद जगह पर ट्रांसफर ले सकते हैं। आपको उम्मीद से अधिक लाभ की संभावना बढ़ेगी। अगर मन में कोई बात आपको परेशान कर रही है, तो अपने दोस्तों से इस बारे में बात करें, आपको अच्छा सलूशन मिल सकता है। आप जीवनसाथी के साथ छोटी-छोटी बातों में नोंक-झोंक करने से बचें।

**वृश्चिक राशि :** आज आपका दिन आनंद और उत्साह से भरपूर रहेगा। कार्यक्षेत्र में आप अपने काम में कुछ नए विचार लाएंगे। आपका सकारात्मक रवैया ही आपको नौकरी में तरक्की दिलाएगा। आपके बॉस आपको एप्रिशिएट करेंगे। आपके सगे संबंधी आपके सहयोग के लिए तत्पर दिखायी देंगे। बिजनेस के लिहाज से की गई यात्राएं आपके लिये लाभकारी होगी। आपकी आर्थिक स्थिति भी बेहतर रहेगी।

**धनु राशि :** आज आपका दिन अच्छा रहने वाला है। आज आपकी धार्मिक कार्यो में रुचि बढ़ेगी। आज आप किसी विशेष काम का हिस्सा बन सकते हैं। लंबे समय से फंसा हुआ धन आज आपको वापस मिल सकता है। जो लोग स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े हैं, उनके लिए आज का दिन उत्तम रहेगा।

**मकर राशि :** आज का दिन आपके लिए ठीक रहने वाला है। यदि आप कंस्ट्रक्शन के बिजनेस जुड़े हुए हैं तो आपके के लिए लाभ के योग हैं आप अपने काम में परिवर्तन लाने का मन बना सकते हैं। दांपत्य रिश्ते में मधुरता लेन के लिए आप कुछ नया करेंगे। इस दौरान आप नेगेटिव विचारों से बचें। आज आप बिजनेस मीटिंग अटेंड करने जा सकते हैं। जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

**कुंभ राशि :** आज आपका दिन लाभदायक रहने वाला है। आज मेहनत का परिणाम आपके फेवर में होगा। समाज में आपके काम को सराहा जायेगा। शाम का समय आप अपने परिवार के साथ बिताएंगे, परिवार में हंसी ख़ुशी का माहौल बना रहेगा।

**मीन राशि :** आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आप फाइनेंस डिपार्टमेंट या सेल्स में काम करते हैं तो आपको आपकी नॉलेज से काफी फायदा होगा। वैवाहिक जीवन में स्थिति अच्छी रहने वाली है। लेकिन समय के साथ सब ठीक हो जाएगा।

# नक्शा: विश्वसनीय भू-अभिलेखों और नागरिक सशक्तिकरण के लिए एक नई पहल

//शिवराज सिंह चौहान//

**जब भारत एक समावेशी और विकसित भविष्य की कल्पना करता है, तो इसका सबसे मज़बूत आधार-स्तंभ भूमि है। चाहे घर हो, खेत हो, दुकान हो या स्मार्ट सिटी का सपना हो - विकास का प्रत्येक रूप भूमि पर अवस्थित होता है। हालाँकि, सच्चाई यह है कि वर्षों से हमारे भू-अभिलेख अधूरे, भ्रामक और अक्सर विवादों में उलझे रहे हैं। परिणामस्वरूप, आम नागरिकों को संपत्ति खरीदने, ज़मीन विरासत में प्राप्त करने, ऋण प्राप्त करने या सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ा है।**

इन दीर्घकालिक समस्याओं के समाधान के लिए, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन में, ग्रामीण विकास मंत्रालय के अंतर्गत भूमि संसाधन विभाग ने नक्शा (राष्ट्रीय शहरी निवास-स्थल भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण) कार्यक्रम की शुरुआत की है। यह भारत में भूमि प्रबंधन, प्रशासन और भूमि-रिकॉर्ड रख-रखाव में बदलाव लाने की एक पहल है। यह कार्यक्रम एक पारदर्शी, डिजिटल और सत्यापित भू-अभिलेख प्रणाली का निर्माण कर रहा है, जो न केवल नागरिकों के जीवन को आसान बनाएगी, बल्कि कस्बों और शहरों के विकास को भी गति प्रदान करेगी।

भारत में, भूमि पंजीकरण लंबे समय से एक जटिल व दस्तावेज-आधारित प्रक्रिया रही है। बिक्री विलेख, स्टाम्प शुल्क, पंजीकरण शुल्क, पटवारी सत्यापन और तहसील स्तर पर प्रस्तुतियाँ ये सभी नागरिकों के लिए पूरी प्रणाली को बोझिल बना देती थीं। पुराने रजिस्टर और फाइलों में न केवल त्रुटियां मौजूद थीं, बल्कि इनमें आसानी से छेड़छाड़ की जा सकती थी, जो कई विवादों का मूल कारण होता है। अस्पष्ट संपत्ति अभिलेखों की वजह से बैंकों से ऋण प्राप्त करने की संभावना कम हो गयी थी। उत्तराधिकार या दाखिल-खारिज की प्रक्रिया अक्सर वर्षों तक अदालतों में अटकी रहती थी। गलत माप, अस्पष्ट सीमाएँ और स्थानीय राजनीतिक हस्तक्षेप ने इन समस्याओं को और गंभीर बना दिया। यही कारण है कि लाखों भारतीयों के लिए, सुरक्षा के स्रोत के रूप में भूमि का महत्त्व कम होता गया और यह जोखिम का प्रमुख स्रोत बन गई।

**नक्शा: डिजिटल पारदर्शिता की ओर कदम**

नक्शा कार्यक्रम, सटीक और डिजिटल भू-रिकॉर्ड तैयार करने के लिए ड्रोन सर्वेक्षण, जीएनएसएस मानचित्रण और जीआईएस उपकरण जैसी उन्नत तकनीकों का लाभ उठाता है। इस पहल के तहत, नागरिकों को 'योरप्रो' (शहरी संपत्ति स्वामित्व रिकॉर्ड) कार्ड मिलता है, जो स्वामित्व का एक डिजिटल प्रमाण है और संपत्ति के लेन-देन को आसान बनाता है। सरकार 'योरप्रो' कार्यक्रम को समर्थन दे रही है। नक्शा के साथ, लोगों को अब स्वामित्व की पुष्टि के लिए दस्तावेजों या बिचौलियों पर निर्भर रहने की ज़रूरत नहीं है। इससे ऋण प्राप्त करने, बिक्री पूरी करने, उत्तराधिकार प्राप्त करने और विवादों का निपटारा करने की प्रक्रिया तेज़ और अधिक पारदर्शी हो गयी है। अंततः, नक्शा केवल एक तकनीकी सुधार नहीं है - यह नागरिक सशक्तिकरण, समानता और भू-स्वामित्व में कानूनी आश्वासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नक्शा कार्यक्रम मुख्य रूप से उन नागरिकों को लाभान्वित करता है, जो लंबे समय से अधूरे या अप्रचलित भू-दस्तावेजों पर निर्भर रहे हैं। नगरपालिकाओं और स्थानीय परिषदों के पास अब स्वच्छ, सटीक भू-स्थानिक डेटा तक पहुँच की सुविधा है, जिससे बेहतर निर्णय लेना और पारदर्शिता सुनिश्चित होती है। नागरिक आसानी से ऑनलाइन प्रारूप मानचित्र देख सकते हैं और आपत्तियाँ दर्ज कर सकते हैं, जिससे इस प्रक्रिया में जनता की भागीदारी सुनिश्चित होती है। यह डिजिटल प्रणाली कराधान को अधिक निष्पक्ष और पारदर्शी बनाती है, साथ ही शहरी नीति-निर्माण और अवसंरचना डिज़ाइन की सटीकता और गति में सुधार करती है। संक्षेप में, जो भू-रिकॉर्ड कभी धूल भरे रजिस्टरों में केवल हस्तलिखित प्रविष्टियों के रूप में मौजूद था, वह अब रंगीन, इंटरैक्टिव और पारदर्शी डिजिटल मानचित्रों में विकसित हो गया है। यह आधुनिक, डेटा-संचालित शासन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

नक्शा कार्यक्रम का प्रभाव व्यक्तिगत स्वामित्व और प्रशासनिक दक्षता से कहीं आगे तक फैला हुआ है और यह आपदा प्रबंधन और शहरी नीति-निर्माण के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण के रूप में उभर रहा है। अवस्थिति की ऊँचाई का विस्तृत डेटा प्रदान करके, यह लोगों को बाढ़-जोखिम वाले क्षेत्रों की पहचान करने में सक्षम बनाता है, जबकि चक्रवात, भूकंप या आग की स्थिति में, यह बिना किसी देरी के बचाव और राहत कार्यों को शुरू करने की सुविधा देता है। सत्यापित डिजिटल स्वामित्व रिकॉर्ड यह भी सुनिश्चित करते हैं कि मुआवजा और सहायता सही लाभार्थियों तक शीघ्रता से पहुँचे। इससे आपदा के बाद, पूर्वस्थिति को बहाल करने की प्रक्रिया अधिक कुशल हो जाती है। इसके अलावा, नक्शा संतुलित और सतत अवसंरचना विकास को बढ़ावा देकर दीर्घकालिक शहरी सुदृढ़ता का समर्थन करता है।

अनिवासी भारतीयों (एनआरआई) और दिव्यांगजनों जैसे कमजोर समूहों के लिए, नक्शा सुरक्षा और सुलभता प्रदान करता है–उन्हें संपत्ति के रिकॉर्ड ऑनलाइन देखने और सत्यापित करने की सुविधा देता है, किसी भी धोखाधड़ी और अतिक्रमण के जोखिम को कम करता है, और सरकारी कार्यालयों के बार-बार चक्कर लगाए बिना आसान पहुँच सुनिश्चित करता है। संक्षेप में, नक्शा केवल एक तकनीकी सुधार नहीं है, बल्कि दुनिया भर के उन नागरिकों के लिए विश्वास और सशक्तिकरण का प्रतीक है, जिनकी भारत की भूमि और इसके भविष्य में हिस्सेदारी है।

विकसित भारत की आधारशिला

भारतीय इतिहास में, भूमि विवादों ने अक्सर असमानता, संघर्ष और विलंब को जन्म दिया है–लेकिन नक्शा कार्यक्रम भूमि प्रशासन प्रणाली को पारदर्शी, कुशल और नागरिक-केंद्रित बनाकर इस विरासत को बदल रहा है। स्मार्ट शहर, पीएम गति शक्ति और पीएम स्वनिधि जैसे राष्ट्रीय मिशनों के साथ एकीकरण के जरिये, नक्शा भारत के विकास-केंद्रित भविष्य का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन रहा है। यह न केवल स्थानीय शासन को मज़बूत करता है, बल्कि नागरिक भागीदारी, सशक्तिकरण और आर्थिक विकास को भी बढ़ावा देता है, जिससे अधिक निवेश और रोज़गार सृजन का मार्ग प्रशस्त होता है। आख़िरकार, भूमि सिर्फ़ एक भौतिक संपत्ति नहीं है–यह प्रत्येक भारतीय नागरिक की पहचान और विरासत है। दशकों से, यह विरासत अव्यवस्था और भ्रष्टाचार के आवरण से ढँकी हुई थी, लेकिन नक्शा विश्वास, पारदर्शिता और समानता का अमृत काल प्रस्तुत कर रहा है। सुरक्षित, सत्यापित डिजिटल भूमि रिकॉर्ड के साथ, अब नागरिकों के पास सचमुच अपने सपनों की कुंजी है–जो भारत को एक अधिक न्यायसंगत, पारदर्शी और विकसित भविष्य की ओर ले जा रही है।

# एआई को लेकर अद्भुत अचम्भे में पूरी दुनिया

//अजीत द्विवेदी//

**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई को लेकर पूरी दुनिया अद्भुत अचम्भे में है। जीवन के हर क्षेत्र में इसके महत्व और इसकी जरुरत को प्रमाणित करने के दावे किए जा रहे हैं। इसका असर भी दिख रहा है। एआई के कारण बड़ी टेक कंपनियों के सीईओ की सैलरी बढ़ रही है और कंपनियों के शेयरों की कीमत में बेहिसाब बढ़ोतरी हो रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला के वेतन में इस साल 152 करोड़ रुपए की बढ़ोतरी हुई है, जिसके बाद उनका वेतन 847 करोड़ रुपए के करीब हो गया है। एक साल में उनका वेतन 22 फीसदी बढ़ा है और ऐसा एआई यानी कृत्रिम बुद्धिमता की वजह से हुआ। एआई तकनीक में उतरने की वजह से माइक्रोसॉफ्ट के शेयरों में बढ़ोतरी हुई, जिसका लाभ कंपनी ने सीईओ सत्य नडेला को भी दिया।**

ऐसा सिर्फ एक कंपनी या एक सीईओ के साथ नहीं हुआ है। एआई की भेड़चाल में सारी दुनिया शामिल है और सब कमाई कर रहे हैं। दूसरी ओर गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बाजार की खबरों के हवाले से यह आशंका जताई है कि एआई एक लाख 80 हजार नौकरियां छीन सकता है। उनकी कंपनी ने 13 हजार लोगों की छंटनी की है और अब अमेजन ने कहा है कि वह एमबॉट्स तैनात करने जा रहा है, जिससे तत्काल 18 हजार लोगों की नौकरियां जाएंगी। एक तरफ एआई से चुनिंदा लोगों की कमाई बढ़ रही हैं और दूसरी ओर लाखों लोगों की नौकरियां जा रही हैं। यह एक विरोधाभास है, जिससे हर नई तकनीक को गुजरना होता है।

लेकिन हम इस विरोधाभास की चर्चा नहीं कर रहे हैं। हम एआई की उन खामियों के बारे में बात करने जा रहे हैं, जिनके बारे में बहुत कम चर्चा होती है। टुकड़ों में खबरें आती हैं और फिर कहीं गायब हो जाती हैं। देश के जाने माने पत्रकार शेखर गुप्ता ने अपने एक लेख में इसके झूठ का पर्दाफाश किया है। उन्होंने बताया है कि एआई कितना झूठ बोल सकता है या कितनी गलत जानकारी आपके सामने परोस सकता है। उन्होंने स्वतंत्रता दिवस के मौके पर ऑपरेशन सिंदूर के लिए घोषित वीरता पुरस्कारों के बारे में एआई टूल ग्रोक से जानकारी मांगी थी। ग्रोक ने उन्हें ऐसी ऐसी जानकारी दी, जिसका सचाई से दूर दूर तक कोई लेना देना नहीं था।

ग्रोक ने वीरता पुरस्कार पाने वालों का ऐसा प्रशस्ति गान किया, जिसकी मिसाल नहीं दी जा सकती है। इतना ही नहीं ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ भारत की सैन्य कार्रवाई के दौरान के ऐसे ऐसे कारनामे बताए, जिनका हकीकत से कोई लेना देना नहीं था, लेकिन जिन्हें युद्ध के समय एक खास मकसद से व्हाट्सऐप के जरिए प्रचारित किया गया था। यानी जिस झूठ का प्रचार, प्रोपेगेंडा किसी खास मकसद से, किसी खास समूह द्वारा किया जाता है, एआई टूल उसे सची खबर बना कर आपके सामने पेश कर सकता है। सोचें, कितना आसान है अपने झूठ के प्रचार के लिए एआई टूल्स को इस्तेमाल कर लेना!

कहानी इतने पर खत्म नहीं होती है। शेखर गुप्ता ने जब सरकार की ओर से जारी आधिकारिक अधिसूचना का लिंक खोल लिया और सारी जानकारी उनके सामने आ गई तो उन्होंने ग्रोक से जवाब तलब किया तो उसने गलती मानी और कम से कम एक मामले में उनको सही जानकारी उपलब्ध कराई। इसका मतलब है कि एआई टूल सही जानकारी दे सकता है लेकिन उसको अगर इस्तेमाल किया जाए तो वह झूठ और प्रोपेगेंडा को भी सची खबर बना कर प्रचारित और प्रसारित कर सकता है।

ग्रोक के साथ अपने अनुभव में शेखर गुप्ता के तीन निष्कर्ष हैं। पहला, 'एआई तेज है, बल्कि कुछ ज्यादा ही तेजतर्रार है। यह आपको तथ्य उपलब्ध कराने का वादा करता है, लेकिन आपकी जरूरत के मुताबिक सजा धजाकर नैरेटिव गढ़ सकता है'। दूसरा, 'एआई प्रोपेगेंडा, दुष्प्रचार और सूचना के साथ खिलवाड़ को नए स्तर पर ले जा रहा है' और तीसरा, 'एआई को आसानी से शिकार बनाया जा सकता है'।

अब सवाल है कि एआई टूल ग्रोक ने यह बात वेब पर उपलब्ध खबरों से उठा कर पेश कर दी या उसे इस रूप में प्रशिक्षित किया गया है कि वह ऐसे मामलों में इसी तरह का नैरेटिव पेश करे। इस सवाल का जवाब देने के लिए कई संदर्भ उपलब्ध हैं, जिनसे सही जवाब तक पहुंचा जा सकता है। एक संदर्भ चीन के बनाए जेनेरेटिव एआई डीपसीक का है। उससे आप कितना भी पूछें वह थियेनआनमन चौक पर हुए नरसंहार के बारे में सही जानकारी नहीं देगा। इसी तरह वह भारत के कई क्षेत्रों को चीन का हिस्सा बताता है। वह ताइवान को भी चीन का ही हिस्सा बताता है।

जाहिर है कि चीन ने उसका एलगोरिद्म इस तरह से तैयार किया है कि वह चीन के हित को प्राथमिकता देकर ही कोई भी जवाब देगा। दूसरा संदर्भ इलॉन मस्क के टूल ग्रोक के एनसाइक्लोपीडिया, जिसका नाम ग्रोकपीडिया है और विकीपीडिया के जवाबों को देख सकते हैं। मस्क का अपना जो एनसाइक्लोपीडिया है वह तथ्यों को इस अंदाज में पेश करता है, जिससे मस्क के गोरे और नस्ली श्रेष्ठता को सपोर्ट किया जा सके। जॉर्ज फ्लॉयड के बारे में पूछे गए सवाल पर दोनों के जवाब का अंतर इसको दिखाता है। पहले यह जान लें कि जॉर्ज फ्लॉयड एक अश्वेत व्यक्ति थे, जिनको एक गोरे पुलिस अधिकारी ने मिनियापोलिस में गिरफ्तार किया और उनकी गर्दन पर घुटना रख कर बैठ गया, फ्लॉयड कहते रहे कि वे सांस नहीं ले पा रहे हैं लेकिन अधिकारी डेरेक शॉविन ने गर्दन पर से पैर नहीं हटाए, जिससे उनकी जान चली गई थी।

इस बारे में विकीपीडिया ने कहा, 'जॉर्ज पेरी फ्लॉयड जूनियर एक अफ्रीकी अमेरिकी थे, जिनके हत्या एक गोरे पुलिस अधिकारी ने मिनियापोलिस में कर दी थी। पुलिस ने फ्लॉयड को एक स्टोर में 20 डॉलर का जाली नोट देने के संदेह में पकड़ा था'। दूसरी ओर मस्क के ग्रोकपीडिया ने जवाब दिया, 'जॉर्ज पेरी फ्लॉयड जूनियर एक अमेरिकी था, जिसका बहुत लंबा आपराधिक रिकॉर्ड था। 1997 से 2007 के बीच जिसमें हथियार और ड्रग्स रखने और चोरी के कई मामलों में सजा हुई थी'। उसने बताया नहीं कि एक गोरे अधिकारी ने उसको मार डाला था।

अब आप सोचें कितना आसान है इस तरह के एआई टूल्स से नैरेटिव सेट करना या प्रोपेगेंडा करना। हजारों पन्नों की किताब लिख कर या अखबार छाप कर या लंबे भाषण देकर जो नैरेटिव नहीं सेट किया जा सकता है या जो प्रोपेगेंडा नहीं फैलाया जा सकता है उसे इस किस्म के टूल की मदद से फैलाया जा सकता है। इन टूल्स के एलगोरिद्म से हर समूह अपने मनमाफिक नैरेटिव सेट करेगा। ध्यान रहे अधिनायकवाद की पहली कोशिश यही होती है कि वह नागरिकों के दिल और दिमाग को नियंत्रित करे। ऐसा करके वह नेता, नागरिक और राष्ट्र तीनों को एक बना सकता है। इस काम में पहले बहुत मेहनत की जरुरत होती थी लेकिन अब एआई से यह काम बहुत आसान हो जाएगा। यह काम सिर्फ राजनीति के क्षेत्र में नहीं होगा, बल्कि व्यापार और दूसरे क्षेत्र में भी होगा।

झूठ फैलाने और प्रोपेगेंडा मशीनरी के तौर पर काम करने के अलावा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की चापलूसी करने की क्षमता भी अद्भुत है। यह इंसानों से 50 फीसदी ज्यादा चापलूसी कर सकता है। यह बात दुनिया के दो सबसे प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी स्टैनफोर्ड और कार्नेगी मेलॉन ने अपने अध्ययन के बाद बताई है। इन दोनों के अध्ययन का निष्कर्ष है कि एआई मुंहदेखी बात कहने में माहिर है। यूजर जो सुनना चाहते हैं वह वही सुनाता है, चाहे यूजर किसी गलत काम में क्यों नहीं शामिल हो। यह अध्ययन 11 सबसे ज्यादा इस्तेमाल होने वाले लार्ज लैंग्वेज मॉडल्स जैसे ओपनएआई, एंथ्रोपिक, गूगल, मेटा और मिस्ट्राल के व्यवहार पर आधारित है। इसके मुताबिक ये एआई टूल्स किसी व्यक्ति के इंसानी सलाहकारों से ज्यादा उस व्यक्ति की चापलूसी करते हैं और उसकी बात का समर्थन करते हैं।

इस अध्ययन में पाया गया है कि जब तार्किक रूप से कोई दुविधा बताई जाती है तो एआई मॉडल्स यूजर से ही जानना चाहते हैं कि वह क्या सुनना चाहता है, यह नहीं बताते हैं कि उसे क्या करना चाहिए। ध्यान रहे पहले की दो औद्योगिक क्रांतियों में तकनीक का नियंत्रण इंसान के हाथ में रहा था। इंसान जितना अच्छा या बुरा होता तकनीक भी उतनी ही अच्छी या बुरी होती। कोई बंदूक खुद किसी को नहीं मार सकती है। लेकिन तीसरी औद्योगिक क्रांति, जिसे कॉग्निटिव रिवोल्यूशन यानी संज्ञानात्मक क्रांति कहा जा रहा है उसमें तकनीक पर इंसान का वश नहीं रह जाएगा। इस क्रांति से निकला उत्पाद एआई कोई टूल नहीं है, वह अपने आप को नियंत्रित करने वाला एजेंट भी है। इसलिए उसकी ये खामियां चिंता पैदा करने वाली हैं।

## तस्वीरों की दुनिया



आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने बेंगलुरु में संघ यात्रा के 100 वर्ष नए क्षितिज कार्यक्रम को संबोधित किया।



बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के मतदान की पूर्व संध्या पर केंद्रीय मंत्री और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान, भाजपा नेता स्मृति ईरानी और दिनेश लाल यादव के साथ पटना में।



छपरा में बिहार विधानसभा चुनाव 2025 से पहले एनडीए के पक्ष में दुर्गा पड़ाव मोहनियां में एक जनसभा के दौरान केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के साथ भाजपा नेता मंगल पांडे।



पर्यटक वाराणसी में गंगा नदी में नाव की सवारी का आनंद लेते हुए।



राज्यपाल रमेन डेका से छत्तीसगढ़ प्रवास पर आए जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने राजभवन रायपुर में सौजन्य भेंट की। उप राज्यपाल सिन्हा ने राज्यपाल रमेन डेका को माता वैष्णो देवी का पवित्र प्रसाद भेंट किया।



राज्यपाल रमेन डेका ने यहां राजभवन में खैरगढ़-छुईखदान-गण्डई जिले के गोद ग्राम-सोनपुरी के उत्कृष्ट कार्य करने वाले विद्यार्थियों एवं लखपति दीदियों को सम्मानित किया। राज्यपाल ने उन्हें अपने हाथों से प्रमाण पत्र दिया।




विश्वकप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की फिजियोथेरेपिस्ट और छत्तीसगढ़ की बेटी आकांक्षा सत्यवंशी ने मुख्यमंत्री निवास में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से सौजन्य मुलाकात कर अपनी खुशियां साझा कीं।

# रेलवे ट्रैक के पास आग की लपटें, गुजरती रहीं ट्रेन....: टिंबर मार्केट की दुकानें जलकर खाक, चार घंटे दहशत में रहे लोग

**भोपाल, 10 नवंबर [एजेंसी]।**

भोपाल में कल रात भारत टाकीज रोड स्थित एक आरा मशीन की दुकान में भीषण आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि कुछ ही मिनटों में आसपास की तीन दुकानें भी इसकी चपेट में आ गईं।दुकान में रखी लकड़ियां और मशीनें जलकर राख हो गईं। आग की लपटें करीब 30 फीट तक ऊपर उठीं, जिससे पूरा इलाका दहशत में आ गया। लोग अपने घरों और दुकानों से बाहर निकल आए और मौके पर भगदड़ का माहौल बन गया।आरा मशीन के कर्मचारियों ने तुरंत फायर कंट्रोल रूम को सूचना दी। लगभग 20 मिनट बाद दमकल मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक आग विकराल रूप ले चुकी थी। कर्मचारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आग पर काबू पाने की कोशिश की, मगर लकड़ी के ढेरों के कारण लपटें तेजी से फैलती गईं।फायर दमकल की टीमों ने आसपास की दुकानों में पानी का छिड़काव शुरू किया ताकि आग और न फैल सके। फायर आफिसर सौरभ कुमार पटेल ने बताया कि आग तीन दुकानों में फैल गई थी। आग पर करीब तीन से चार घंटे में काबू पाया गया।आग पर काबू पाने के लिए पुल बोगदा, बैरागढ़, फतेहगढ़, गांधीनगर, यातायात पार्क, माता मंदिर और यूनानी शफाखाना फायर स्टेशन से दमकलें मौके पर भेजी गईं। कुल 10 दमकल कर्मियों ने मिलकर करीब पांच घंटे तक लगातार पानी का छिड़काव किया, तब जाकर आग पर नियंत्रण पाया जा सका। आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है।प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगते ही पूरे क्षेत्र में धुआं फैल गया। आग 20 से 30 ऊंची लपटें देखकर लोग भयभीत हो गए। फायर वाहनों के सायरन और धुएं से भारत टाकीज रोड का पूरा इलाका जाम हो गया। पुलिस ने लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाया और वाहनों की आवाजाही रोक दी। बरखेड़ी फाटक से भारत टाकीज तक करीब 108 आरा मशीनें संचालित हैं। उन्हें हटाने को लेकर कई बार चर्चा हो चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे पहले भी इसी क्षेत्र की एक आरा मशीन में 11 महीने पहले भीषण आग लगी थी, जिसमें करोड़ों रुपये का नुकसान हुआ था। फरवरी 2023 में भी ऐसी ही आग लगी थी, तब



भी पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई थी।टिंबर मार्केट के बिल्कुल पीछे रेलवे लाइन गुजरी है। टिंबर मार्केट में आग लगने तमाशबीनों की भीड़ रेलवे ट्रैक पर लग गई। रेल पटरी पर करीब 200-250 से ज्यादा लोग इकट्ठा हो गए। इसी दौरान ट्रैक से ट्रेनों के आने-जाने का सिलसिला जारी था। हालांकि गनीमत ये थी कि इस दौरान ट्रैनों की रफ्तार बहुत कम थी। टिंबर मार्केट में लगी आग का नजारा देखने आसपास के लोग बड़ी संख्या में सड़क और मार्केट के पीछे वाले रेलवे ट्रैक पर इकट्ठा हो गए। लोगों ने अपने वाहन सड़क पर खड़े कर दिए जिससे जाम लग गया। भीड़ की वजह से स्थिति बिगड़ने लगी ऐसे में मौजूद पुलिस कर्मियों ने बल प्रयोग कर लोगों को वहां से खदेड़ा। पुलिस ने लोगों को घटना स्थल पर पहुंचने के रोकने के लिए सड़क को दोनों तरफ से बंद कर दिया था। ऐसे में भारत टाकीज और पुल बोगदा की तरफ वाहनों की लंबी कतारें लग गईं।आग एक टाल से शुरू हुई और आसपास की दो टालों को भी अपनी गिरफ्त में ले लिया। आग को आगे बढ़ने से रोकने के लिए फायर फाइटर्स ने आसपास की टालों पर पानी की बौछारें करना शुरू कर दिया। इन टालों और यहां मौजूद लकड़ी को पूरी तरह से भिगा दिया गया। उनकी यह योजना काम आई और आग आगे नहीं बढ़ सकी। इसी दौरान अन्य फायर फाइटर्स ने उन टालों पर लगातार पानी की बौछार डाली जहां आग लगी थी।आग बुझाने के लिए पुल बोगदा, बैरागढ़, फतेहगढ़, गांधी नगर, यातायात पार्क, माता मंदिर और यूनानी शिफाखाना फायर स्टेशन से दमकलों को मौके पर रवाना किया गया। रात 10 बजे तक 40 से ज्यादा दमकलें और 20 से ज्यादा टैंकरों को मौके पर भेजा जा चुका था। दमकल कर्मियों ने मिलकर करीब चार घंटे तक लगातार पानी का छिड़काव कर आग को काबू किया।फायर आफिसर ननि सौरभ कुमार पटेल ने कहा, आग शाम करीब सात बजे लगी आग को रात 9 बजे तक काबू कर लिया गया था, आग लगने के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। टिंबर मार्केट में आग अंडर ब्रिज के पास स्थित परवेज भाई की नेशनल टिंबर नाम की टाल में लगी। छह कारखाने और आरा मशीन खाक भोपाल रेलवे स्टेशन के पास टिंबर मार्केट में करीब छह कारखाने और आरा मशीन में आग लगने से दो ट्रक प्लाई सहित बड़ी मात्रा में फर्नीचर जलकर खाक हो गया है।आग की सूचना मिलते ही मौके पर कलेक्टर कौशलेंद्र सिंह भी पहुंचे और उन्होंने कारोबारियों से बातचीत की।

इस दौरान टिंबर मर्चेंट एंड आरा मशीन एसोसिएशन के अध्यक्ष बदर आलम ने कलेक्टर से मांग की है कि जल्द से जल्द शहर की 100 से अधिक आरा मशीनों को छोटा रातीबड़ में शिफ्ट किया जाए।इस पर कलेक्टर ने उन्हें कारोबारियों के साथ सोमवार को कलेक्ट्रेट बुलाया, जहां पर वह कारोबारियों से शिफ्टिंग को लेकर चर्चा करेंगे। पांच घंटे में आग पर पाया काबू विश्वसनीय सूत्रों से पता चला है कि आरा मशीनों के पास ही कैमिकल संबंधी अवैध काम किया जा रहा था, जिसकी वजह से आग फैली और आरा मशीन व कारखाने में फैल गई।कलेक्टर ने बताया कि दमकलों ने पूरी तरह से आग पर काबू पा लिया गया है, साथ ही आग लगने के सही कारणों का पता लगाने के निर्देश दिए गए हैं। छोटा रातीबड़ मे की जानी है आरा मशीनें शिफ्ट भोपाल से करीब 30 किलोमीटर दूर परवलिया के छोटा रातीबड़ में 100 से अधिक आरा मशीनों को शिफ्ट किया जाना है।

## असम में बहुविवाह पर रोक, मंत्रिमंडल ने विधेयक को दी मंजूरी, सजा का है प्रावधान



**गुवाहाटी, 10 नवंबर [एजेंसी]।**

असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य मंत्रिमंडल ने बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक को मंजूरी प्रदान कर दी है। इसके तहत दोषियों को सात साल तक की कठोर सजा का प्रविधान है। यानी यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक महिला से शादी करता है तो उसे कैद भुगतने के साथ-साथ जुर्माना भी देना पड़ सकता है, चाहे उसकी धार्मिक पहचान भले ही कुछ भी हो। सरकार का इस विधेयक को लाने का उद्देश्य महिलाओं की गरिमा की रक्षा करना और लैंगिक न्याय सुनिश्चित करना है। हालांकि, छठी अनुसूची में शामिल आदिवासी क्षेत्रों को इस विधेयक के दायरे से बाहर रखा गया है। यहां एक प्रेस कांफ्रेंस में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सरमा ने कहा कि सरकार बहुविवाह की पीड़ित महिलाओं को मुआवजा देने के लिए एक नया कोष भी बनाएगी ताकि उन्हें अपने आगे के जीवन में कठिनाई का सामना न करना पड़े।सरमा ने कहा कि इस विधेयक का नाम असम बहुविवाह निषेध विधेयक, 2025 होगा और इसे शीतकालीन सत्र के पहले दिन 25 नवंबर को विधानसभा में पेश किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी आरोपित को बहुविवाह का दोषी ठहराया जाता है तो उसे सात साल तक की कठोर सजा का सामना करना पड़ सकता है। यह गैर जमानती अपराध होगा।सरकार पीड़ित महिलाओं को आवश्यक वित्तीय सहायता भी प्रदान करेगी। बता दें कि यदि यह विधानसभा से पारित हो जाता है तो असम उत्तराखंड के बाद बहुविवाह पर प्रतिबंध लगाने वाले कुछ राज्यों में शुमार हो जाएगा। उधर, महिला संगठनों ने सरकार के इस कदम का स्वागत किया है।मुख्यमंत्री सरमा ने बताया कि राज्य सरकार संवेदनशील और दूरदराज क्षेत्रों में रहने वाले असम मूल के लोगों को फरवरी 2026 में हथियारों के लाइसेंस का पहला बैच जारी करेगी। यह निर्णय इस लिहाज से भी अहम है कि इसके तुरंत बाद विधानसभा चुनाव भी होना है।सरमा ने कहा कि अधिकारियों को राज्य के नागरिकों से काफी आवेदन प्राप्त हुए हैं और वर्तमान में उनकी जांच की जा रही है। सरमा ने साथ ही कहा कि सरकार हथियारों के लाइसेंस बड़े सोच-समझकर चयनित लोगों को देगी। सभी लोगों को हथियार रखने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

# झारखंड की विकास बीजेपी को नहीं आ रही रास, JMM महासचिव विनोद पांडेय ने कहा- जनता जानती है कौन भटका ध्यान

**रांची, 10 नवंबर [एजेंसी]।**



झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के आरोपों को पूरी तरह निराधार बताया। उन्होंने कहा कि भाजपा को झारखंड की प्रगति रास नहीं आ रही, इसलिए वह झूठे आरोप लगाकर भ्रम फैला रही है। हेमंत सोरेन सरकार जनहित, पारदर्शिता और सामाजिक न्याय पर काम कर रही है, जबकि भाजपा केवल बयानबाजी में व्यस्त है। जनता अब जानती है कि कौन विकास कर रहा है और कौन ध्यान भटका रहा है। वन विभाग में पदस्थापन प्रशासनिक आवश्यकता पर आधारित है। अतिरिक्त जिम्मेदारी अनियमितता नहीं, बल्कि दक्षता का उपयोग है। भाजपा को बढ़ता वनावरण, इको-टूरिज्म और हरित विकास पच नहीं रहा, इसलिए वह विभागों की छवि खराब कर रही है। सरकार अनुभवी अधिकारियों का सदुपयोग कर काम की निरंतरता सुनिश्चित कर रही है।

पुलिस पदक गृह विभाग और मुख्यालय की अनुशंसा से मिलते हैं। इसमें मुख्यमंत्री का हस्तक्षेप नहीं होता। किसी जवान के नाम पर राजनीतिक बयान अनुचित है। मरांडी मेहनती पुलिसकर्मियों का अपमान कर रहे हैं। भाजपा पुलिस बल के मनोबल को गिराने की कोशिश कर रही है। भाजपा का फोकस राज्य विकास पर नहीं, बल्कि झूठे आरोपों और सुर्खियों पर है। हेमंत सरकार के जनहित निर्णयों पर वह अनर्गल बौछार करती है। जनता भ्रमित नहीं होगी। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड आत्मनिर्भरता, विकास और सामाजिक न्याय की ओर बढ़ रहा है।

### कोलकाता में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन

# चीन-पाकिस्तान व बांग्लादेश के बढ़ते गठजोड़ से उत्पन्न चुनौतियों पर मंथन



**कोलकाता, 10 नवंबर [एजेंसी]।**

सेना की पूर्वी कमान ने समकालीन और उभरते सुरक्षा खतरों की गहराई से समीक्षा एवं भारत की रक्षा तैयारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से शनिवार को कोलकाता स्थित मुख्यालय में चाइना अध्ययन पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में सशस्त्र बलों, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों, रक्षा विशेषज्ञों, विद्वानों और विभिन्न थिंक टैंकों ने भाग लिया। अधिकारियों ने बताया कि संगोष्ठी में सभी प्रतिभागियों ने भारत के उत्तर- पूर्वी क्षेत्र की सुरक्षा स्थिति और चीन-पाकिस्तान-बांग्लादेश के बढ़ते गठजोड़ से उत्पन्न चुनौतियों व खतरे पर गंभीर मंथन किया। पूर्वी कमान मुख्यालय द्वारा एक बयान में बताया गया कि संगोष्ठी में राजदूत गौतम बंबावाले, रीवा गांगुली दास, दिलीप सिन्हा और एम. जयदेवा जैसे अनुभवी विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। उन्होंने वर्तमान और उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्यों पर प्रकाश डालते हुए भारत के लिए सजग रहने और रक्षा क्षमताओं को निरंतर सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर बल दिया।

सेमिनार में प्रतिभागियों ने आपसी चर्चा के माध्यम से श्रेष्ठ रणनीतियों का आदान-प्रदान किया और बदलती सुरक्षा परिस्थितियों से निपटने के लिए प्रभावी उपायों पर विचार किया। भारत की रणनीतिक तत्परता को और धारदार बनाने पर जोर समापन भाषण में पूर्वी कमान के प्रमुख (जनरल आफिसर कमांडिंग-इन-चीफ) लेफ्टिनेंट जनरल रामचंद्र तिवारी ने भारत की रणनीतिक तत्परता को और धारदार बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।उन्होंने कहा कि पूर्वी कमान हर परिस्थिति और उभरती सुरक्षा चुनौतियों का सामना और इससे निपटने के लिए पूरी तरह तैयार है। बताते चलें कि रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण सेना की पूर्वी कमान पर अरुणाचल प्रदेश और सिक्किम में चीन के साथ लगती वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) की रखवाली का दायित्व है। बयान में कहा गया कि यह आयोजन पूर्वी कमान की उस निरंतर प्रतिबद्धता का हिस्सा है, जिसके तहत भारत की सीमाओं की सुरक्षा और रणनीतिक तैयारी को मजबूत किया जा रहा है।

# व्यक्तियों का संगठन है आरएसएस बिना रजिस्ट्रेशन काम करने का आरोप लगाने वालों को भागवत का जवाब



**नईदिल्ली, 10 नवंबर [एजेंसी]।**

आरएसएस पर बिना रजिस्ट्रेशन काम करने का आरोप लगाने वाले कांग्रेस नेताओं पर परोक्ष रूप से निशाना साधते हुए संघ प्रमुख मोहन भागवत ने रविवार को कहा कि उनके संगठन को व्यक्तियों के निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त है।आरएसएस के सौ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के अंतिम दिन संघ द्वारा आयोजित आंतरिक प्रश्नोत्तर सत्र के दौरान भागवत ने कहा- हमें तीन बार प्रतिबंधित किया गया। इसलिए सरकार ने हमें मान्यता दी है। अगर हमारा अस्तित्व नहीं था, तो उन्होंने किस पर प्रतिबंध लगाया। कई चीजें पंजीकृत नहीं हैं। यहां तक कि हिंदू धर्म भी पंजीकृत नहीं है। भागवत ने स्पष्ट किया-आरएसएस की स्थापना 1925 में हुई थी। क्या आप उम्मीद करते हैं कि हम ब्रिटिश सरकार के पास रजिस्ट्रेशन कराते। आजादी के बाद भारत सरकार ने रजिस्ट्रेशन को अनिवार्य नहीं बनाया। हमें व्यक्तियों के संगठन के रूप में वर्गीकृत किया गया है और हम मान्यता प्राप्त संगठन हैं। आयकर विभाग और अदालतों ने आरएसएस को व्यक्तियों का संगठन माना है और इसको आयकर से छूट दी गई है। भागवत की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने हाल में कहा था कि आरएसएस पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए। उनके बेटे और कर्नाटक के मंत्री प्रियांक खरगे ने सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक स्थानों पर आरएसएस की गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की थी।उन्होंने आरएसएस की पंजीकरण संख्या और फंडिंग के स्त्रोत पर भी सवाल उठाए थे। संघ द्वारा केवल भगवा ध्वज का सम्मान करने और भारतीय तिरंगे को मान्यता नहीं देने के मुद्दे पर भागवत ने कहा कि आरएसएस में भगवा को गुरु माना जाता है, लेकिन वह भारतीय तिरंगे का बहुत सम्मान करता है। हम हमेशा अपने तिरंगे का सम्मान करते हैं और उसकी रक्षा करते हैं।

अयोध्या में राम मंदिर निर्माण आंदोलन का उदाहरण देते हुए भागवत ने कहा कि संघ के स्वयंसेवकों ने इसका समर्थन किया। संगठन इसके निर्माण के साथ खड़ा रहा। भाजपा (इसका समर्थन करने के लिए) मौजूद थी। अगर कांग्रेस या कोई अन्य पार्टी इसका समर्थन करती, तो हम भी उसका समर्थन करते। हमारा किसी एक पार्टी से विशेष लगाव नहीं है। कोई भी दल हमारा नहीं है और सभी दल हमारे हैं, क्योंकि वे भारतीय दल हैं।

भागवत ने स्पष्ट किया कि आरएसएस किसी राजनीतिक दल का समर्थन नहीं करता, बल्कि राष्ट्रहित से जुड़ी नीतियों के साथ दृढ़ता से खड़ा है। उन्होंने कहा-हम वोट की राजनीति, समकालीन राजनीति और चुनावी राजनीति आदि में भाग नहीं लेते। संघ का कार्य समाज को एकजुट करना है और राजनीति स्वभाव से ही विभाजनकारी होती है। इसलिए हम राजनीति से दूर रहते हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आरएसएस राष्ट्रनीति का समर्थन करता है, राजनीति का नहीं।

## कपिल सिब्बल के बिहार के लिए स्पेशल ट्रेन वाले सवाल पर रेल मंत्रालय का जवाब, कहा- बनाए हैं 3 वॉर रूम

**नई दिल्ली 10 नवंबर।** राज्यसभा सदस्य कपिल सिब्बल और राजद के सांसद एडी सिंह ने रेल मंत्री से पूछा कि बिहार चुनाव से पहले तीन नवंबर को हरियाणा से चार विशेष ट्रेनें बिहार के लिए क्यों चलाई गईं, जिनमें छह हजार लोगों को सफर कराया गया।सांसदों के सवालों पर रेल मंत्रालय के जवाब दिया है। मंत्रालय ने कहा कि त्योहारी सीजन में दो हजार ट्रेनें हमेशा तैयार रखी जाती हैं, जिन्हें अचानक यात्रियों की भीड़ बढ़ने पर चलाया जाता है। रेलवे मंत्रालय ने सांसदों के दावे पर अपने जवाब में कहा कि त्योहारी सीजन में रेलवे की तरफ से 12 हजार स्पेशल ट्रेनें चलाई गई हैं।10,700 स्पेशल ट्रेनें तयशुदा कार्यक्रम के मुताबिक चली हैं, जबकि दो हजार ट्रेनें जरूरत के मुताबिक चलाई गई हैं। मंत्रालय ने बताया कि हमने तीन वार रूम बना रखे हैं, जो डिविजनल, जोनल और रेलवे बोर्ड स्तर पर आपरेशनल हैं।जब भी किसी स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ अचानक बढ़ती है, हम तत्काल अनशेड्यूल्ड स्पेशल ट्रेनों को सेवा में लगा देते हैं।

# इंडिया से वंदे भारत ट्रेन ले सकता है अंगोला, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के दौरे के दौरान तीन समझौते पर हुए हस्ताक्षर

**नईदिल्ली, 10 नवंबर [एजेंसी]।**



अफ्रीकी देश अंगोला ने भारत की हाई स्पीड वंदे भारत ट्रेन लेने में रुचि दिखाई है और भविष्य में उसके लिए समझौता हो सकता है। इस आशय के संकेत अंगोला यात्रा पर गईं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु की अफ्रीकी देश के नेताओं से वार्ता में मिले हैं। आठ नवंबर को चार दिवसीय यात्रा पर लुआंडा पहुंचीं राष्ट्रपति मुर्मु ने कई द्विपक्षीय मसलों पर अंगोला के राष्ट्रपति जोआओ मैन्युएल गोंसाल्वेज लौरेंको से वार्ता की है। दोनों देशों के बीच रविवार को कई समझौतों पर हस्ताक्षर हुए हैं। राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा है कि वंदे भारत हाई स्पीड ट्रेन ने भारत के रेल सेक्टर में क्रांति कर दी है। अब हम इन ट्रेनों की अंगोला को आपूर्ति कर सकते हैं। कहा, हमारे युवा मिलकर कौशल विकास के क्षेत्र में बड़ा कार्य कर सकते हैं। भारत की तरह अंगोला की आबादी में भी युवाओं का बड़ा हिस्सा है। दोनों देशों के युवा तकनीकि विकास के लिए भी मिलकर कार्य कर सकते हैं। राष्ट्रपति के दौरे में भारत और अंगोला के बीच मछली पालन, जल संसाधन और समुद्री संपदा की खोज के समझौते हुए हैं। दोनों देशों के बीच ऊर्जा सुरक्षा को लेकर भी वार्ता हुई है। इससे पहले लुआंडा के प्रेसिडेंशियल पैलेस में राष्ट्रपति मुर्मु का भव्य स्वागत हुआ, उन्हें 21 तोपों की सलामी दी गई और अंगोला के राष्ट्रपति ने मुर्मु के सम्मान में भोज का आयोजन किया।यह किसी भी भारतीय राष्ट्रपति का अंगोला का पहला दौरा है। 11 नवंबर को राष्ट्रपति मुर्मु अंगोला की स्वतंत्रता की 50 वीं वर्षगांठ के समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर हिस्सा लेंगी।

# लखनऊ में कैदी को मोबाइल देने वाला सिपाही निलंबित, जज को धमकी की छानबीन में जुटी पुलिस

**लखनऊ, 10 नवंबर [एजेंसी]।**

लखनऊ जेल में बंद 37 करोड़ रुपये ठगी के आरोपित अनुभव मित्तल ने जेल में बंद एक अन्य आरोपित को फंसाने के इरादे से हाई कोर्ट के न्यायाधीश को सिपाही अजय यादव के मोबाइल से धमकी भरा ई-मेल भेजा था। इस मामले में गोसाईगंज पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सर्विलांस टीम भी साक्ष्य एकत्रित कर रही है। अनुभव मित्तल को मोबाइल फोन देने वाले सिपाही को निलंबित कर दिया गया है। जेल प्रशासन भी छानबीन में जुटा है।इंटरनेट मीडिया पर ट्रेडिंग का झांसा देकर सैकड़ों लोगों से 37 करोड़ रुपये की ठगी के आरोपित अनुभव मित्तल को एसटीएफ ने 2017 में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। मित्तल इन दिनों लखनऊ की जेल में बंद है। इसी जेल में कैंपवेल रोड का आनंदेश्वर अग्रहरि 2023 से पत्नी की हत्या के आरोप में बंद है। अनुभव और आनंदेश्वर की आपस में रंजिश है।आशंका है कि आनंदेश्वर को फंसाने के इरादे से चार नवंबर को अनुभव ने पेशी के दौरान पुलिस लाइन में तैनात सिपाही अजय यादव का मोबाइल ले लिया। टाइमर लगाकर उसने अजय के मोबाइल से लखनऊ हाई कोर्ट के जज को एक ई-मेल भेजा और आरोप लगाए कि एक जज की हत्या होने वाली है।

हाई कोर्ट की तरफ से पुलिस आयुक्त को सूचना दी गई। सूचना पर जेल चौकी इंचार्ज अरविंद कुमार ने जांच शुरू की तो पूरा मामला सामने आया। इसके बाद गोसाईगंज थाने में उन्होंने अनुभव मित्तल और सिपाही अजय यादव के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया। डीसीपी निपुण अग्रवाल ने बताया कि सिपाही के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उससे पूछताछ की जा रही है।उधर, रविवार की देर शाम आरोपित सिपाही को निलंबित कर दिया गया। पुलिस के साथ ही जेल प्रशासन भी मामले की छानबीन कर रहा है।

## गांधी सरनेम का मतलब ये नहीं कि... शिवसेना नेता शाइना एनसी का प्रियंका गांधी पर निशाना, बिहार के लिए किया बड़ा दावा

**नई दिल्ली 10 नवंबर।** शिवसेना नेता शाइना एनसी ने महागठबंधन के राजनीतिक संघर्ष की तुलना नागरिकों के अधिकारों के लिए महात्मा गांधी के संघर्ष से करने के लिए कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा पर हमला बोला है। शाइना ने कहा, आपका सरनेम गांधी हो सकता है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आप महात्मा गांधी के सिद्धांतों का पालन कर रही हैं। उन्होंने कहा, महात्मा गांधी हमेशा अहिंसा और शांति की बात करते थे, लेकिन वहां (बिहार में), आप उन्हीं लुटेरों के साथ महागठबंधन में हैं। झूठ मत फैलाइए, क्योंकि बिहार के लोग जानते हैं कि अगर वे विकास के लिए वोट देना चाहते हैं तो उनके सामने एकमात्र विकल्प राजग है। इससे पहले शनिवार को प्रियंका गांधी ने कटिहार के कदवा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा था, आज कांग्रेस पार्टी और महागठबंधन जो लड़ाई लड़ रहे हैं, वही लड़ाई महात्मा गांधी ने भी लड़ी थी।

# पीड़ित को कानूनी सहायता देना केवल परोपकार नहीं, बल्कि हमारा नैतिक दायित्व- CJI गवई



**नईदिल्ली।** पीड़ित को कानूनी सहायता देना केवल परोपकार नहीं है बल्कि हमारा नैतिक दायित्व भी है। इस प्रक्रिया में जो लोग भी शामिल हैं उनका उद्देश्य देश के प्रत्येक नागरिक को कानून व्यवस्था का लाभ दिलाने का होना चाहिए।यह बात देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआइ) बीआर गवई ने रविवार को लीगल सर्विसेज डे पर आयोजित कार्यक्रम में कही। चीफ जस्टिस गवई ने कहा, जो भी अधिकारी, प्रशासनिक तंत्र और स्वयंसेवक कानूनी सहायता देने के कार्यक्रम से जुड़े हुए हैं वे अपने कार्य को नैतिक दायित्व मानते हुए अंजाम दें।

यह कानून पर आधारित शासन व्यवस्था के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा, विचार कीजिए, न्यायपालिका के प्रशासक सरकारी खजाने के प्रत्येक रुपये के खर्च के लिए योजना बनाएं, परियोजना के कार्य में सहयोग दें और उस रुपये का देश को ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने का कार्य करें तो कितना अच्छा होगा। इससे जरूरतमंदों को सरकारी योजनाओं का सबसे ज्यादा लाभ मिलेगा और उनका जीवन स्तर ऊंचा उठेगा। जबकि स्टैंडिंग इंटरनेशनल फोरम ऑफ कामर्शियल कोर्ट की बैठक में सुप्रीम कोर्ट के नामित प्रधान न्यायाधीश सूर्य कांत ने कहा, न्यायपालिका अपनी कार्यप्रणाली में एआई (आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस) आधारित तौर-तरीकों को समाहित कर रही है लेकिन यह मानवीय कौशल और बुद्धिमत्ता का स्थान नहीं ले सकता है। इसे हम सभी को हमेशा ध्यान रखना चाहिए। जस्टिस सूर्य कांत ने कहा, भविष्य की न्याय व्यवस्था में तकनीक की बड़ी भूमिका होगी लेकिन हमारी जिम्मेदारी मानवता और नैतिकता की कसौटी पर कसते हुए न्याय करने की होगी। एआई काम की गति बढ़ाएगा, हमारी पहुंच में बढ़ोतरी करेगा और बड़ी संख्या में हुई घटनाओं का विश्लेषण करके ठोस जानकारी देने का काम करेगा लेकिन इन सबकी सहायता से गुणवत्ता वाला निर्णय की जिम्मेदारी न्यायपालिका की होगी।

# घर पर जिम का सेटअप चाहते हैं तो इन 5 उपकरणों को जरूर खरीदें



घर पर जिम बनाना एक बेहतरीन विचार है, जिससे आप अपनी फिटनेस दिनचर्या को आसानी से अपना सकते हैं। इसके लिए कुछ जरूरी सामान की आवश्यकता होती है, जो आपको अपने घर में ही मिल सकते हैं। इन सामानों की मदद से आप अपने शरीर को मजबूत और स्वस्थ रख सकते हैं। इस लेख में हम आपको पांच ऐसे जरूरी सामान बताएंगे, जिनसे आप अपने घर पर जिम बना सकते हैं और फिटनेस का आनंद ले सकते हैं।

एडजस्टेबल डंबल-समायोज्य डंबल आपके घर के जिम के लिए एक अहम उपकरण हो सकते हैं। ये डंबल अलग-अलग वजन में सेट किए जा सकते हैं, जिससे आप अपनी व्यायाम के अनुसार वजन चुन सकते हैं। इससे आप बाइसेप्स, ट्राइसेप्स और कंधों की मांसपेशियों को मजबूती दे सकते हैं। इन डंबल्स की मदद से आप विभिन्न प्रकार की एक्सरसाइज कर सकते हैं, जिससे आपका पूरा शरीर मजबूत बनेगा और फिटनेस में सुधार होगा।

रेजिस्टेंस बैंड्स-रेजिस्टेंस बैंड्स की मदद से आप विभिन्न प्रकार की व्यायाम कर सकते हैं। इनका उपयोग करके आप अपनी पीठ, छाती और पैरों की मांसपेशियों को मजबूत कर सकते हैं। रेजिस्टेंस बैंड्स का उपयोग करना बहुत आसान होता है और इन्हें कहीं भी रखा जा सकता है। आप इन्हें घर पर ही आसानी से इस्तेमाल कर सकते हैं, जिससे आपकी फिटनेस दिनचर्या में कोई रुकावट नहीं आएगी।

स्क्वाट रैक

स्क्वाट रैक से आप अपने पैरों और कूल्हों की मांसपेशियों को मजबूत कर सकते हैं। इसके अलावा यह आपके शरीर की स्थिरता बढ़ाने में भी मदद करता है। स्क्वाट रैक का उपयोग करके आप अलग-अलग प्रकार की स्क्वाट व्यायाम कर सकते हैं, जिससे आपके पैर और कूल्हे मजबूत बनते हैं। इसे अपने घर के जिम में शामिल करने से आपकी फिटनेस दिनचर्या और भी प्रभावी हो जाएगी।

एडजस्टेबल बेंच

समायोज्य बेंच का उपयोग करके आप विभिन्न प्रकार की व्यायाम कर सकते हैं, जैसे कि बाइसेप्स कर्ल, ट्राइसेप्स एक्सटेंशन आदि। यह बेंच ऊपर-नीचे हो सकती है, जिससे आप अलग-अलग कोणों से व्यायाम कर सकते हैं। समायोज्य बेंच का उपयोग करने से आपकी मांसपेशियां बेहतर तरीके से काम करती हैं और आपको अधिक लाभ मिलता है। इसे अपने घर के जिम में शामिल करने से आपकी फिटनेस दिनचर्या और भी प्रभावी हो जाएगी। हृदय गति बढ़ाने वाले उपकरण जैसे चलने की मशीन या व्यायाम साइकिल आपके दिल की धड़कनें बढ़ाने में मदद करते हैं, जिससे आपकी सहनशक्ति बेहतर होती है। इन उपकरणों का नियमित उपयोग करने से आपका दिल स्वस्थ रहता है और आप अधिक ऊर्जा महसूस करते हैं। इन सभी जरूरी सामानों को शामिल करके आप अपने घर पर ही एक बेहतरीन जिम बना सकते हैं, जिससे आपकी फिटनेस दिनचर्या आसान हो जाएगी।



## शॉर्ट ड्रेस में रकुल प्रीत सिंह ने दिए सिजलिंग पोज

बॉलीवुड एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह हमेशा अपने फैशन स्टेटमेंट्स से फैंस का सारा ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। उनका हर एक लुक इंटरनेट पर आते ही तेजी से वायरल होने लगता है। अब हाल ही में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान की बेहद ही शानदार फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में उनका हॉटनेस भरा अवतार देखकर लोगों की नजरें उनपर से हटा पाना मुश्किल हो गया है। एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह आए दिन अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ी अपडेट्स फैंस के बीच शेयर कर अक्सर लोगों का ध्यान अपनी ओर खींच लेती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो वो चंद ही मिनटों में वायरल होने लगती हैं। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि उन्होंने शॉर्ट ड्रेस में कई पोज दिए हैं। तस्वीरें शेयर करते हुए उन्होंने कहा आयशा पूछ रही हैं कि झूम शराबी कैसा लगा? झूम शराबी गाना फिल्म देदे प्यार दे 2 का हैं, जिसे हनी सिंह ने गाया हैं। बता दें कि एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके हर एक लुक पर जमकर लाइक्स और कॉमेंट्स करते हैं। हालांकि इन फोटोज में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिल रहा है। रकुल प्रीत सिंह की तस्वीरों को फैंस लाइक कर रहें हैं और इस पर कमेंट कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा हैं आप मेरे दिल की रानी हो। एक दूसरे यूजर ने लिखा हैं आपको और देखना चाहता हैं। बता दें कि एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर काफी सक्रिय हैं और इंस्टाग्राम पर भी उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी जबरदस्त है।



## मिथुन चक्रवर्ती की बहू मदालसा शर्मा ने क्यों छोड़ी थी साउथ इंडस्ट्री? बताई चौंकाने वाली वजह

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती की बहू, अभिनेत्री मदालसा शर्मा टीवी का जाना-माना चेहरा हैं। अनुपमा में काव्या शाह के किरदार ने उन्हें घर-घर में मशहूर किया था। बहुत कम लोगों को पता होगा कि मदालसा ने अपना फिल्मी डेब्यू साउथ इंडस्ट्री से किया था। उनकी तेलुगु फिल्म फिटिंग मास्टर थी, जो 2009 में रिलीज हुई थी। एक दिन, मदालसा ने साउथ इंडस्ट्री छोड़ने का फैसला किया, जिसके पीछे चौंकाने वाली वजह थी। अभिनेत्री ने अब खुलासा किया है। मदालसा ने कहा, एक भी अनुभव सुखद नहीं थे मेरे वहां पे, जो मुझे लगा कि मैं नहीं कर पाऊंगी। वह रास्ता मैं नहीं ले पाऊंगी। कास्टिंग काउच और वो सब। मुझे लगता है, यह हर जगह है। अभिनेत्री ने कहा, मुझे याद नहीं, मैं 17 साल की थी। कुछ साल हो गए, लेकिन मुझे याद है कि मुझे असहज महसूस हुआ और मैं बस बाहर चली गई, और मैंने खुद से कहा, चलो बॉम्बे वापस चलते हैं। मदालसा ने जिंदगी के लक्ष्य पर बात करते हुए कहा, एक लक्ष्य होता है ना हर एक इंसान का जहां वे चाहते हैं वहां पहुंचना। मेरा लक्ष्य महत्वाकांक्षा है, सब कुछ है; मगर वो उतना ज्यादा नहीं है कि मैं उसको खुद पे हावी होने दूं। मेरे फैसले उसी के आधार पर हैं। मदालसा को आखिरी बार विवेक अग्निहोत्री की फिल्म द बंगाल फाइल्स में देखा गया था। ये फिल्म इसी साल 5 सितंबर, 2025 को रिलीज हुई थी।

# हिचकी को तुरंत रोकने के लिए अपनाएं ये 5 असरदार घरेलू उपाय



हिचकी एक आम समस्या है, जो कभी भी हो सकती है। यह अक्सर खाने या पीने के दौरान होती है, लेकिन कभी-कभी बिना किसी कारण के भी आ सकती है। हिचकी को रोकने के लिए कई घरेलू तरीके हैं, जो पुराने समय से चले आ रहे हैं और सही साबित हुए हैं। आइए आज हम आपको हिचकी रोकने के कुछ आसान और असरदार घरेलू उपाय बताते हैं।

नमक और नींबू का मिश्रण है कारगर

नमक और नींबू का मिश्रण हिचकी रोकने का एक पुराना और असरदार घरेलू तरीका है। इसके लिए एक चुटकी नमक और आधे नींबू का रस मिलाकर जीभ पर डालें और धीरे-धीरे निगलें। इससे आपकी गले की नसें सक्रिय होती हैं और हिचकी बंद हो जाती है। इसका स्वाद भी आपको ध्यान भटकाने में मदद करता है, जिससे हिचकी जल्दी रुक जाती है। इस उपाय को अपनाने से आप बिना किसी दवा के ही हिचकी से राहत पा सकते हैं।

ठंडा पानी पीएं

ठंडा पानी पीने से भी हिचकी तुरंत रुक सकती है। इसके लिए एक गिलास ठंडा पानी लें और धीरे-धीरे इसे पिएं। पानी का ठंडा तापमान आपके गले की नसों को सुन्न कर देता है, जिससे हिचकी रुक जाती है। ध्यान रखें कि बहुत तेज ठंडा पानी न पिएं क्योंकि इससे गले को नुकसान हो सकता है। यह तरीका खासतौर पर तब फायदेमंद होता है जब हिचकी अचानक से आए और आपको तुरंत राहत चाहिए हो।

चीनी चबाएं-चीनी चबाने से भी हिचकी रोकने में मदद मिल सकती है। इसके लिए एक छोटी चम्मच चीनी लें और उसे मुंह में रखकर धीरे-धीरे चबाएं जब तक कि वह पूरी तरह से घुल न जाएं। चीनी का मीठा स्वाद आपके गले की नसों को शांत करता है, जिससे हिचकी रुक जाती है। हालांकि, ज्यादा चीनी लेने से बचें क्योंकि यह सेहत को नुकसान पहुंचा सकती है।

काली मिर्च का सेवन करें

काली मिर्च का सेवन करना भी एक असरदार घरेलू उपाय है। इसके लिए एक चुटकी काली मिर्च पाउडर लें और इसे अपनी जीभ पर डालें, फिर थोड़ा पानी पी लें। काली मिर्च का तीखा स्वाद आपके गले की नसों को सक्रिय करता है, जिससे हिचकी रुक जाती है। ध्यान रखें कि ज्यादा काली मिर्च नुकसान दे सकती है इसलिए सावधानी से इसका उपयोग करें।

शहद और अदरक का मिश्रण आजमाएं

शहद और अदरक का मिश्रण भी हिचकी रोकने का एक अच्छा उपाय है। इसके लिए एक चम्मच शहद में थोड़ा-सा अदरक का रस मिलाकर पीएं। यह मिश्रण आपके गले को गर्म करता है और नसों को आराम देता है।

जिससे हिचकी रुक जाती है। इस उपाय को अपनाकर आप बिना किसी दवा के ही हिचकी से राहत पा सकते हैं। इन सभी घरेलू उपायों को अपनाकर आप आसानी से अपनी हिचकियों को रोक सकते हैं।

## कांतारा: चैप्टर 1 वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस में जलवा, 852 करोड़ का आंकड़ा किया पार, भारतीय सिनेमा के लिए रचा नया इतिहास!



होम्बले फिल्म्स और ऋषभ शेट्टी की कांतारा: चैप्टर 1 ने भारतीय सिनेमा और कहानी कहने के अंदाज़ को नए सिरे से परिभाषित किया है. लगभग एक महीने पहले रिलीज हुई यह फिल्म अब एक वैश्विक सनसनी बन चुकी है. दर्शकों को अपनी अद्भुत विज़ुअल्स और लोककथाओं को जीवंत करने की अनोखी शैली से मंत्रमुग्ध कर रही है. रिलीज के बाद से ही यह फिल्म बॉक्स ऑफिस के सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है और अपने पहले भाग की तुलना में दोगुनी कमाई कर चुकी है. दिवाली के दौरान यह फिल्म सबसे बड़ी विजेता साबित हुई है.

अपनी दैविक कथा-वाचन शैली, गहरी सांस्कृतिक जड़ों और असाधारण सिनेमाई दृष्टि के साथ, कांतारा: चैप्टर 1 दुनियाभर के दर्शकों को मोहित कर रही है. अपनी इस अजेय दौड़ को और मजबूत करते हुए, फिल्म ने अब ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल कर ली है. वर्ल्डवाइड 852 करोड़ की कमाई पार कर और खुद को भारतीय सिनेमा की सबसे प्रशंसित और रिकॉर्ड-तोड़ फिल्मों में शामिल कर लिया है.

ये विशाल आंकड़े साबित करते हैं कि यह फिल्म दुनियाभर के दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित कर चुकी है, और सिनेमाघरों में दर्शकों की भीड़ लगातार बढ़ती जा रही है। ऋषभ शेट्टी के शानदार अभिनय, दमदार संगीत, अद्भुत सिनेमाटोग्राफी और मनमोहक पृष्ठभूमि ने कांतारा: चैप्टर 1 को एक सच्चा ब्लॉकबस्टर बना दिया है। अब फिल्म अपने ग्लोबल सफर को और आगे बढ़ाने के लिए तैयार है, क्योंकि यह 31 अक्टूबर 2025 को अंग्रेज़ी भाषा में रिलीज़ होने जा रही है. कांतारा: चैप्टर 1, जिसे ऋषभ शेट्टी ने निर्देशित किया है, 2022 की ब्लॉकबस्टर फिल्म कांतारा का प्रीक्वल है, जो समीक्षकों और दर्शकों, दोनों के बीच जबरदस्त सफल रही थी। यह अध्याय चौथी सदी ईस्वी में स्थापित है और कांतारा की पवित्र भूमि की रहस्यमयी उत्पत्ति की कहानी को उजागर करता है।

## थामा 100 करोड़ कमाते ही गिरी नीचे, एक दीवाने की दीवानियत का भी बुरा हाल



आयुष्मान खुराना और रश्मिका मंदाना अभिनीत हॉरर कॉमेडी फिल्म थामा 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। दिवाली जैसे बड़े त्योहार का फिल्म को भरपूर फायदा मिला। यही वजह है कि इसने कुल 8 दिनों में 100 करोड़ के क्लब में जगह बना ली, लेकिन अगले ही दिन फिल्म की कमाई में गिरावट देखी गई है। हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की फिल्म एक दीवाने की दीवानियत भी धीमी गति से चलने लगी है। देखिए दोनों का ताजा कलेक्शन।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक, आयुष्मान की फिल्म ने रिलीज के 9वें दिन बॉक्स ऑफिस पर कुल 3.25 करोड़ का कारोबार किया है। 8वें दिन फिल्म ने 5.75 करोड़ कमाते हुए 100 करोड़ के क्लब में जगह ली थी, लेकिन अगले ही दिन कमाई में भारी गिरावट देखने को मिली है। हालांकि, थामा ने घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 104.60 करोड़ रुपये का कारोबार कर लिया है। बता दें कि इस फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी और परेश रावल भी हैं।

मिलाप जावेरी के निर्देशन में बनी फिल्म एक दीवाने की दीवानियत के 9वें दिन का कलेक्शन रिकॉर्ड आ गया है। इसने 2.75 करोड़ रुपये कमाते हुए अब तक का सबसे कम कारोबार किया है। 21 अक्टूबर को रिलीज हुई फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 52.25 करोड़ रुपये की कमाई कर ली है। 30 करोड़ के बजट में बनी हर्षवर्धन और सोनम की इस फिल्म ने अपना बजट तो निकाल लिया है, लेकिन 100 करोड़ के क्लब में पहुंचना मुश्किल होगा।

## शब्द सामर्थ्य -214

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संख्या 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 213 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

## सू- दोकू क्र. 214

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र 213 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |

# दर्जनों शासकीय आवास बने निजी मकान और दुकान, प्रशासन का भू माफियाओं को संरक्षण

**जनकपुर।** एमसीबी जिले के ब्लाक मुख्यालय जनकपुर में प्रशासन द्वारा भूमाफियाओं को संरक्षण दिए जाने से नगर में मुख्य सड़क पर स्थित पीडबल्यूडी और शिक्षा विभाग की लाखों करोड़ों रुपए कीमत की दर्जनों शासकीय आवास को भूमाफिया निजी मकान और दुकान बना लिए है। और इन्हीं अवैध निर्मित मकानों और दुकानों को किरायेदारी में देकर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित कर रहे है।

वर्तमान में भी शिक्षा विभाग का आधा दर्जन से ज्यादा शासकीय आवासों को भूमाफिया अपने कब्जे में लेकर खुलेआम निजी आवास और दुकान बनाने में जुटे हुए है। वहीं जिम्मेदार प्रशासन को इस अवैध निर्माण की जानकारी होने के बावजूद मूकदर्शक बना हुआ है।

वहीं नगर वासियों का कहना है कि भूमाफियाओं द्वारा शासकीय आवासों को तोड़कर खुलेआम अवैध रूप से मकान और दुकान बनाने में प्रशासन के साथ ही यहाँ के छुटभईया नेताओं का भी संरक्षण प्राप्त है। जिससे नगर के जागरूक नागरिकों द्वारा इन अवैध निर्माण की लिखित शिकायत जिम्मेदारों को देने के बावजूद भूमाफियाओं के खिलाफ ठोस कार्यवाही नहीं होती है। जिससे जनकपुर नगर में शासकीय आवासों पर अवैध निर्माण का सिलसिला लगातार खुलेआम जारी है। वहीं नगरवासियों का यह भी कहना है कि जिम्मेदार स्थानीय प्रशासन की उदासीनता एवं लापरवाही के कारण ही यहां भूमाफियाओं के हौसले बुलंद बने हुए है। जिससे ये भूमाफिया बेखौफ होकर अपनी मनमर्जी से अवैध निर्माण कार्य शुरू कर देते है और देखते ही देखते पूरा कर लेते है। वहीं जिम्मेदार प्रशासन भूमाफिया के खिलाफ ठोस कार्यवाही नहीं करता है। जिससे आने वाले चंद वर्षो में ही जनकपुर नगर में बने पीडबल्यूडी और शिक्षा विभाग की शासकीय आवास के साथ ही अन्य विभागीय शासकीय आवास पूरी तरह से गायब होने की पूर्ण संभावना बनी हुई है।

## सरकारी कॉलेज की भूमि पर अतिक्रमण सुर्खियों में

**भानुप्रतापपुर।** स्थानीय शासकीय महाविद्यालय की भूमि पर अतिक्रमण का मामला एक बार फिर सुर्खियों में है। कॉलेज परिसर की भूमि के एक हिस्से पर नगर के एक पार्षद द्वारा कब्जा किए जाने की शिकायत सामने आई है। आरोप है कि संबंधित पार्षद के पास भानुप्रतापपुर में मकान है। फिर भी कराठी में कॉलेज की भूमि को घेरकर कर मकान बनाया है। और किराए में दे दिया है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि अन्य अतिक्रमणकारियों की तरह इस मामले की भी निष्पक्ष जांच हो और यदि आरोप सही पाए जाते हैं, तो संबंधित पार्षद के खिलाफ कार्रवाई की जाए।

आपका नाम-आपकी पहचान, आपका मत-आपका अधिकार

# बीएलओ पहुँच रहे हैं घर घर, अधिकारी कर रहे हैं मौके पर पहुंचकर निरीक्षण



**कोरिया बैकुंठपुर।** हम एक ऐसे समय में जी रहे हैं जहाँ लोकतंत्र केवल शब्द नहीं बल्कि हमारी आवाज़, हमारी सहभागिता और हमारी जिम्मेदारी है। इसी भावना को और सशक्त बनाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता सूची का विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान पूरे प्रदेश में प्रारम्भ किया गया है।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम की कार्यवाही 04 नवम्बर 2025 से प्रारम्भ हो गया है। यह पुनरीक्षण कार्य अर्हता तिथि 01 जनवरी 2026 के आधार पर किया जा रहा है। अभियान के दौरान बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर रहे हैं और उन्हें प्री-प्रिंटेड गणना प्रपत्र (एन्यूमरेशन फॉर्म) उपलब्ध करा रहे हैं। बीएलओ मतदाताओं को फॉर्म भरने में आवश्यक मार्गदर्शन दे रहे हैं तथा भरे हुए फॉर्म संग्रहित कर रसीद प्रदान भी कर रहे हैं। वहीं अधिकारी भी मौके पर पहुंचकर कार्यों के निरीक्षण कर रहे हैं। मतदाताओं से अपील की गई है कि वे अपने गणना प्रपत्र की दो प्रतियाँ सही-सही भरकर तथा हस्ताक्षर कर त्वरित रूप से अपने बीएलओ को उपलब्ध कराएं। फॉर्म के साथ किसी भी प्रकार के दस्तावेज संलग्न करने की आवश्यकता नहीं है, हालांकि फॉर्म में नवीनतम पासपोर्ट आकार का फोटो लगाना आवश्यक रहेगा। मतदाता अपने गणना प्रपत्र को ऑनलाइनलिए निर्वाचन आयोग का माध्यम से भी भर सकते हैं। इसके ECINET मोबाइल एप अथवा आधिकारिक वेबसाइट httpsÑ//voters. eci. gov.in उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त, इच्छुक नागरिक अपने बूथ लेवल अधिकारी के माध्यम से भी ऑफलाइन फॉर्म जमा कर सकते हैं।

गणना प्रपत्र भरने की अवधि 04 नवम्बर 2025 से 04 दिसम्बर 2025 तक, मसौदा मतदाता सूची का प्रकाशन 09 दिसम्बर 2025, दावा-आपत्ति प्रस्तुत करने की अवधि 09 दिसम्बर 2025 से 08 जनवरी 2026 सुनवाई एवं सत्यापन 09 दिसम्बर 2025 से 31 जनवरी 2026, अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 07 फरवरी 2026 है। प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम दर्ज होना तथा उससे संबंधित जानकारियों का सही होना अत्यंत आवश्यक है। निर्वाचन आयोग ने आम जनता से अपील की है कि वे इस अभियान में सक्रिय सहभागिता कर लोकतांत्रिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने में सहयोग प्रदान करें। क्योंकि एक सही मतदाता सूची ही सही जनप्रतिनिधि/नेता चुनने में सहायक होती है। आपकी छोटी-सी भागीदारी लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति बन सकती है। जब आपका नाम सूची में होगा, तभी आपका वोट राष्ट्र की दिशा तय करेगा। ऑनलाइन भी भरें फॉर्म, ECINET मोबाइल एप या httpsÑ// voters.eci. gov. in पर जाकर आप कुछ ही मिनटों में फॉर्म भर सकते हैं।

## बारनवापारा में टाइगर की दस्तक से बढ़ी हलचल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के बारनवापारा अभ्यारण्य में फिर से टाइगर की मौजूदगी दर्ज की गई है। वन विकास निगम क्षेत्र में टाइगर मूवमेंट के संकेत मिलने के बाद वन विभाग अलर्ट पर है। अधिकारियों ने सर्च ऑपरेशन तेज करते हुए इलाके में गश्त और निगरानी बढ़ा दी है। दरअसल, बलौदा बाजार और महासमुंद जिले की सीमा पर स्थित वन विकास निगम क्षेत्र में बाघ के पैरों के निशान और मूवमेंट के संकेत मिले हैं। सूत्रों के अनुसार, यह बाघ पड़ोसी राज्य के जंगलों से यहां पहुंचा है। फिलहाल विभाग बाघ के मूवमेंट पर नजर रखे हुए है और इलाके में कैमरा ट्रैप एवं पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है ताकि उसकी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। वन विभाग ने स्थानीय ग्रामीणों को फि लहाल जंगल के नजदीक जाने से रोका गया है। पर्यटकों के लिए कुछ रास्तों पर अस्थायी रोक लगाई गई है। विभाग का कहना है कि इससे बाघ को सुरक्षित माहौल मिलेगा और किसी तरह की अनहोनी से बचा जा सकेगा।

# बृहस्पत सिंह के झूठे आरोपों पर कांग्रेस का विरोध, थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई

### जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता सहित जिलाध्यक्ष अभ्यर्थियों ने प्रेसवार्ता कर कहा – संगठन की प्रक्रिया पारदर्शी और निष्पक्ष,

**कोरिया बैकुंठपुर।** प्रदेश कांग्रेस के सह-प्रभारी सुश्री जरीता लैतफलांग एवं पूर्व प्रभारी कुमारी शैलजा पर रिश्वतखोरी के झूठे आरोप लगाए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी कोरिया ने तीखा विरोध जताया। इस मामले में कांग्रेसजनों ने बृहस्पत सिंह के खिलाफ बैकुंठपुर थाना में आपराधिक प्रकरण दर्ज कराते हुए कठोर कार्रवाई की मांग की।

इससे पूर्व राजीव भवन, कांग्रेस कार्यालय बैकुंठपुर में पत्रकारवार्ता आयोजित की गई, जिसमें जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस संगठन एक अनुशासित व पारदर्शी राजनीतिक संस्था है, जहां किसी भी प्रकार की धन लेनदेन या सिफारिश की कोई गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जिलाध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी एवं संगठन के निर्धारित मानदंडों के अनुरूप संपन्न हुई है। कांग्रेस पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि बृहस्पत सिंह द्वारा लगाए गए आरोप न केवल निराधार हैं बल्कि कांग्रेस पार्टी एवं उसके वरिष्ठ नेतृत्व की साख को धूमिल करने का प्रयास हैं। यह कृत्य पार्टी की गरिमा को ठेस पहुँचाने वाला है। पत्रकारवार्ता में उपस्थित



जिलाध्यक्ष अभ्यर्थियों ने भी अपनी पूर्ण सहमति व्यक्त करते हुए बृहस्पत सिंह के बयान का पुरज़ोर विरोध किया और कहा कि यह झूठा, भ्रामक एवं भड़काऊ बयान कांग्रेस संगठन की साख को नुकसान पहुँचाने के उद्देश्य से दिया गया है।

पत्रकारवार्ता के उपरांत कांग्रेसजनों का प्रतिनिधिमंडल बैकुंठपुर थाना पहुंचा, जहाँ थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर बृहस्पत सिंह के खिलाफ मानहानि, भ्रामक प्रचार एवं संगठन की छवि खराब करने के आरोप में स्न्रङ्क्र दर्ज कराई गई। जिला अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता, महामंत्री बृजवासी तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष अजय सिंह, वरिष्ठ कांग्रेसी मुख्तार अहमद, बिहार लाल राजवाड़े, गणेश राजवाड़े, विकाश श्रीवास्तव, धीरज सिंह, सौरभ गुप्ता, विनोद शर्मा, अंकित गुप्ता, दिनेश राजवाड़े एवं अन्य कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

## वायर फैक्ट्री से लाखों रुपए का सामान पार

**रायपुर।** उरला स्थित मां गायत्री वायर इंडस्ट्रीज से अज्ञात चोर ने लाखों रुपए का सामान पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी पंकज मिश्रा 43 वर्ष हीरापुर टाटीबंध का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि उरला स्थित मां गायत्री वायर इंडस्ट्रीज से अज्ञात चोर ने हाफ मशीन ड्रम, ड्राई कापेक्स व अन्य सामान पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 1 लाख 45 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## ठंड बढ़ने से सुबह की सैर हुई सुहावनी

**रायपुर।** जम्मू कश्मीर एवं हिमालय की तराई में हो रही बर्फबारी से छग प्रदेश का मौसम भी बदल गया है। जिसके चलते सुबह एवं रात के समय ठंड में इजाफा हो रहा है। सुबह की सैर करने वाले स्वेटर शॉल टोपी मफलर आदि पहनकर उद्यानों की ओर जा रहे है। सुबह की सैर ठंड की वजह से सुहावनी हो गई है। वहीं बगीचों में सुबह सुबह भजन कीर्तन के साथ ही योग करने वालों की संख्या में इजाफा हो रहा है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले 24 घंटों में ठंड में इजाफा होने से जहां तापमान में गिरावट आएगी वहीं राते और ठंडी होंगी। ज्ञातव्य है कि कार्तिक पूर्णिमा के समाप्त होते ही छग में मार्गशीर्ष माह में अच्छी ठंड पड़ती है चूंकि इस बार बरसात लंबे समय तक हुई है इसलिए आम लोगों का अनुमान है कि इस बार छग में भी आने वाले दिसंबर माह में कड़ाके की ठंड पड़ेगी। इधर मप्र में भोपाल ग्वालियर में शीतलहर चलने से मौसम में बेहद ठंड महसूस की जा रही है।

## बायपास बनने से स्टेशन की दूरी होगी कम

**रायपुर।** मोवा ओव्हरब्रिज में सुबह शाम लग रहे जाम से संबंधित क्षेत्र मोवा सड्डू विधानसभा एवं अंबूजा माल के आसपास अनेक कालोनियां बनं गई है जिसके चलते कामकाजी लोगों के साथ आने जाने वाले लोगों की संख्या भी रायपुर एवं रायपुर से बाहर लगातार बढ़ते जा रही है। रेलवे स्टेशन जाने के लिए जिन यात्रियों को शार्टकट मार्ग की जानकारी नहीं है उन्हें लंबे समय तक रेलवे स्टेशन पहुंचने में जाम की वजह से समय लगता है जिसके चलते आए दिन कई यात्रियों की ट्रेनें छूटने की जानकारी भी मिली है। वहीं अवंतिबाई लोधी चौक से दोनों ओर सर्विस रोड से जुड़ा अंडरब्रिज जहां लोगों की आवाजाही सुगम बना है वहीं मोवा की ओर खुलने वाला अंडरब्रिज का मार्ग कांपा देवेंद्र नगर की ओर जाता है। इस मार्ग के आसपास काफी सरकारी भूमि खाली है। क्षेत्र के निवासियों जिनमें अजय साहू मीना चंद्राकर विजय गुप्ता एवं हरीश गुप्ता ने रायपुर ग्रामीण के विधायक मोतीलाल साहू एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से उक्त मार्ग को बायपास मार्ग में बदलने के लिए तत्काल कदम उठाने की मांग की है। ज्ञातव्य है कि मोवा अंडरब्रिज के अंतिम चरण से जुड़े उक्त मार्ग के बायपास बन जाने से कांपा होकर देवेंद्र नगर एवं आगे जाने वाले मार्ग का चौड़ीकरण किया जाता है। यात्रियों को रेलवे स्टेशन संबंधित क्षेत्र से आवाजाही करने में जहां सरलता होगी वहीं जाम नहीं लगने की वजह से लोग समय पर अपने गंतव्य स्थान पर पहुंच जाएंगे।

## ऑपरेशन के दौरान दो महिलाओं की मौत

**दुर्ग।** जिला अस्पताल में नसबंदी के दौरान दो महिलाओं की तबीयत बिगड़ने से मौत हो गई। सर्जरी करने वाली टीम की प्रमुख डॉ. उज्जवला देवांगन ने बताया कि ओटी टेबल पर ही दोनों को झटके व अकड़न होने लगी थी। नसबंदी के बाद आनन-फानन में दोनों को 200 मीटर दूर आईसीयू में शिफ्ट करा दिया गया। सिविल सर्जन डॉ. आशीषन मिंज के मुताबिक बजरंग नगर निवासी 27 वर्षीय पूजा यादव ने आईसीयू में दम तोड़ दिया। दूसरी सिकोला भाटा निवासी 30 वर्षीय किरण यादव को बेहतर उपचार के लिए परिजन निजी सेंटर ले जाना चाह रहे थे, तभी सांस थम गई। आईसीयू के ड्यूटी डॉक्टर ने सीपीआर दिया, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। सीएस ने दोनों की मौत का संभावित कारण सर्जरी के लिए लगाई दवाओं में से किसी एक का रिएक्शन बताया गया है। सर्जरी करने वाली डॉ. उज्जवला ने भी रिएक्शन की वजह मौत की आशंका जाहिर की। महिलाओं को सुबह सकुशल भर्ती कराने वाले परिजन अचानक उनकी मौत से सदमें में हैं।

## बाइक रेसिंग शो ग्राउंड में अशांति फैलाने वाले अरेस्ट

**रायपुर।** बूढ़ापारा आउटडोर स्टेडियम में कल से शुरू हुए रायपुर बाइक रेसिंग शो में जमकर फायटिंग भी हुई। वह भी वीआईपी इनक्लोजर से लगी गैलरी में। मंच के सामने कार्यक्रम शुरुआत में पांच लोगों के बीच लड़ाई हुई।

# बैंकिंग सेवाओं का दायरा बढ़ा, 25 साल में 10 से बढ़कर 37 शाखाएं

### ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुंची बैंक सेवाएं

### डिजिटल व्यवस्था से लेन-देन में आई तेजी

**कोरिया बैकुंठपुर।** करीब ढाई दशक पूर्व जहां जिले के कस्बों में केवल 10 बैंक शाखाएँ संचालित थीं, वहीं अब इनकी संख्या बढ़कर 37 हो गई है। सरकारी, निजी तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों की पहुंच दूरस्थ गांवों तक होने से आम लोगों में बचत और ऋण लेने की समझ में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है।

डिजिटल बैंकिंग का प्रसार होने से लेन-देन में पहले की तुलना में काफी सरलता आई है। एटीएम, यूपीआई, मोबाइल ऐप और इंटरनेट बैंकिंग जैसी सुविधाओं से अब अधिकांश वित्तीय कार्य गाँवों में बैठे-बैठे ही संभव हो रहे हैं। जनधन योजना के लागू होने के बाद जिले में खाता स्वामित्व तेजी से बढ़ा है। पहले जहां सीमित लोगों के पास ही बैंक खाते होते थे, वहीं अब लगभग सभी के पास खाते हैं, जन धन खाता धारक की संख्या ही 1 लाख 45 हजार से अधिक हैं। इससे वित्तीय समावेशन को गति मिली




है। सरकारी लाभ वितरण की प्रक्रिया भी अब अधिक पारदर्शी और तेज हो गई है। पहले योजनाओं का भुगतान नकद किया जाता था, जबकि अब लाभार्थियों को आधार- लिंक्ड खातों के माध्यम से डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए राशि प्राप्त हो रही है। कृषि व छोटे व्यवसायों के लिए ऋण उपलब्ध होना भी अब पहले की तुलना में आसान हुआ है। केसीसी, मुद्रा, एसएचजी और एमएसएमई ऋण योजनाओं के चलते लोगों की साहूकारों पर निर्भरता कम हुई है और सस्ते ब्याज दरों पर बैंक से ऋण लेना संभव हुआ है। महिला स्व- सहायता समूहों की भागीदारी बढ़ने से महिला सशक्तिकरण को भी नई दिशा मिली है। जिले के सोनहत ब्लॉक के कटगोड़ी तथा रामगढ़ जैसे दूरस्थ ग्रामों में बैंक शाखा खुलने से ग्रामीणों को काफी मदद मिली है।

जिले में ग्रामीण बैंक, सेंट्रल बैंक तथा भारतीय स्टेट बैंक की सबसे अधिक शाखाएँ हैं। इसके अलावा 9 सरकारी बैंकों की 17 शाखा, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक की 12 शाखा, निजी बैंकों की 5, अपेक्स बैंको की 2 तथा स्मॉल फाइनेंस बैंक की एक शाखा हैं तथा 49 एटीएम हैं। जिले में 313 बैंकिंग टच पाइंट हैं, जिसके अंतर्गत ग्राहक सेवा केंद्र (सीएसपी) 190 संचालित हैं, जो गांवों के दरवाजे पर बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा रहे हैं। जिले में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में बैंक ऑफ बड़ौदा, बैंक ऑफ इंडिया, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, पंजाब नेशनल बैंक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, यूको बैंक, यूनियन बैंक ऑफ इंडिया हैं। इसी तरह निजी बैंकों एक्सिस बैंक, बंधन बैंक, एचडीएफसी बैंक आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक हैं। सहकारी तथा क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक के अंतर्गत अपेक्स सहकारी बैंक, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक व एक स्मॉल फाइनेंस बैंक ईएसएएफ स्मॉल फाइनेंस बैंक की शाखा हैं। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत जिले में अब-तक प्रधानमंत्री जनधन योजना से करीब 1 लाख 45 हजार खाते, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना से 1 लाख 85 हजार लाभार्थी, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना से 91 हजार सदस्य और अटल पेंशन योजना से 13 हजार खातेदार हैं। पंजीकृत बैंकिंग नेटवर्क के इस विस्तार और डिजिटल सुविधाओं के प्रसार ने जिले में वित्तीय पारदर्शिता, बचत संस्कृति और आर्थिक आत्मनिर्भरता को मजबूती प्रदान की है।

# लिटिल मिलेनियम एवं अलास्का पब्लिक स्कूल के नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों ने किया रेलवे स्टेशन मनेन्द्रगढ़ का शैक्षिक भ्रमण

**मनेन्द्रगढ़।** लिटिल मिलेनियम एवं अलास्का पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ के नन्हें-मुन्हें विद्यार्थियों को शैक्षिक भ्रमण के अंतर्गत रेलवे स्टेशन मनेन्द्रगढ़ ले जाया गया। इस भ्रमण में बच्चों का स्वागत मुख्य स्टेशन प्रबंधक एस. के. निर्मल, रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक बी. के. चौधरी एवं कमर्शियल कम टिकट क्लर्क आशीष राठौर ने किया।

कार्यक्रम की शुरुआत में टिकट क्लर्क आशीष राठौर ने बच्चों को टिकट काउंटर की विभिन्न प्रक्रियाओं से अवगत कराया और यात्रा के दौरान टिकट अवश्य लेने तथा स्टेशन पर टिकट लेकर ही प्रवेश करने की सलाह दी। इसके पश्चात निरीक्षक बी. के. चौधरी ने रेलवे से जुड़ी सुरक्षा नियमों की जानकारी देते हुए बताया कि बिना टिकट यात्रा करना, पैदल पटरी पार करना या अनावश्यक रूप से ट्रेन की इमरजेंसी चेन खींचना दंडनीय अपराध है, जिसके लिए विभिन्न धाराओं के तहत सजा का प्रावधान है। साथ ही, उन्होंने बच्चों को स्टेशन पर स्वच्छता बनाए रखने के लिए कूड़ेदान का उपयोग करने की समझाइश भी दी।

मुख्य स्टेशन प्रबंधक एस. के. निर्मल ने बच्चों को ट्रेन संचालन प्रणाली के बारे में रोचक जानकारी दी। उन्होंने समझाया कि किस प्रकार ट्रेन को स्टेशन पर उपलब्ध खाली लाइन में लाया जाता है और कैसे संकेत प्रणाली के माध्यम से गाड़ियों के आगमन व प्रस्थान को नियंत्रित किया जाता है। साथ ही, मालगाड़ी और यात्री ट्रेन में अंतर भी बताया गया। इस शैक्षिक भ्रमण को लेकर बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। स्कूल संचालक मो. फिरोज एवं बच्चों की ओर से अतिथि अधिकारियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के समापन पर निरीक्षक महोदय द्वारा सभी बच्चों को चॉकलेट वितरित कर उन्हें खुशी प्रदान की गई। यह आयोजन बच्चों के लिए ज्ञानवर्धक एवं यादगार साबित हुआ।

इस आयोजन की सफलता में विजय विश्वकर्मा, ऋद्धा अग्रवाल, इलियास खान, शहाबुद्दीन अंसारी, स्मृति गुप्ता, निशी विश्वकर्मा, नेहा यादव, तेजस्वानी नामदेव, तसलीम मंसूरी, नंदनी विश्वकर्मा, अनामिका आइंद, श्रद्धा साव, विमला दाहिया, आयशा खातून, जागृति, साक्षी सिंह, निकुंज गोयल, सुप्रिया साहू, शांति जायसवाल का योगदान सराहनीय रहा।

## संपत्ति की नई गाइडलाइन जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ सरकार ने संपत्तियों के गाइडलाइन निर्धारण संबंधी नियमों में बड़ा सुधार करते हुए नए नियम जारी किए हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की पहल पर जमीन गाइडलाइन मूल्य निर्धारण में बड़ा बदलाव किया गया है, इससे रजिस्ट्री की प्रक्रिया अब आसान होगी। वहीं, भ्रम, विसंगतियां व अतिरिक्त शुल्क भी समाप्त होंगे, जिससे आम जनता को बड़ी राहत मिलेगी। वाणिज्यिक कर मंत्री ओपी चौधरी ने विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया था कि जमीन के गाइडलाइन मूल्य निर्धारण संबंधी वर्तमान नियम अत्यंत जटिल तथा विरोधाभासी हैं तथा जनता की समझ से बाहर हैं, इसके कारण आम लोगों को तरह-तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इन नियमों को सरल, संक्षिप्त बनाया जाए। बताया गया है कि गाइडलाइन दरों की गणना इन नियमों के अनुसार की जाती है। जैसे मुख्य मार्ग की दूरी क्या होगी। कौन से तल में होने पर कितना वैल्यूएशन होगा। किन-किन परिस्थितियों में कितने-कितने मूल्य बढ़ेंगे आदि। इन नियमों के आधार पर जमीन की रजिस्ट्री के समय बाजार मूल्य का आकलन किया जाता है। गाइडलाइन दरों के निर्धारण संबंधी ये नियम वर्ष 2000 से बने हुए थे तथा इनमें कोई परिवर्तन या संशोधन नहीं हुआ था। बताया गया है कि गाइडलाइन दरों की गणना इन नियमों के अनुसार की जाती है। जैसे मुख्य मार्ग की दूरी क्या होगी, कौन से तल में होने पर कितना वैल्यूएशन होगा, किन-किन परिस्थितियों में कितने कितने मूल्य बढ़ेंगे आदि।

## फसल चक्र परिवर्तन से किसानों की आमदनी में होगा इजाफा

**रायपुर।** राज्य में किसानों की आमदनी बढ़ाने और कृषि में लागत कम करने के प्रयास किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में धमतरी जिले में भूमि एवं जल संरक्षण के साथ-साथ किसानों की आय में वृद्धि के उद्देश्य से फसल चक्र परिवर्तन अभियान को गति दी जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा कृषि विभाग एवं संबंधित विभागों के समन्वय से किसानों को ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर दलहनी, तिलहनी, लघु धान्य एवं मक्का जैसी कम जल की जरूरत वाली फसलों की खेती हेतु किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। धमतरी जिले में फसल चक्र परिवर्तन पर जोरधमतरी जिले में करीब 1 लाख 58 हजार 180 कृषक हैं, जो कृषि व्यवस्था की रीढ़ हैं।

# कोरिया में तीन उच्चस्तरीय पुलों का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर, पुल निर्माण से दूरी घटेगी, गांवों तक पहुंचेगी सुविधा

**कोरिया बैकुंठपुर।** लोक निर्माण विभाग सेतु निर्माण उपसंभाग मनेंद्रगढ़ अंतर्गत जिला कोरिया में तीन महत्वपूर्ण उच्चस्तरीय पुलों का निर्माण कार्य तेज़ी से आगे बढ़ रहा है।

इन पुलों के निर्माण से ग्रामीण क्षेत्रों का संपर्क मुख्य मार्गों से मजबूत होगा, जिससे आवागमन और आर्थिक गतिविधियों में सुविधा होगी। 138 मीटर लंबाई और 6 स्पान, 23 मीटर वाले इस उच्चस्तरीय पुल का निर्माण कार्य जारी है। विभागीय जानकारी के अनुसार, पुल के 4 पीयर का निर्माण पूर्ण हो चुका है तथा 1 पीयर पर कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा 2 स्लैब ढलाई भी पूरी कर ली गई है। इस परियोजना को फरवरी 2026 तक पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित



किया गया है।

135 मीटर लंबाई एवं 6 स्पान के 22.5 मीटर इस पुल में वर्तमान में नींव निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। विभाग ने इसे सितंबर 2026 तक पूरा करने की समय-सीमा तय की है। 161 मीटर लंबाई और 7 स्पान, 23 मीटर वाले इस उच्चस्तरीय पुल में नींव कार्य प्रगति पर है। विभाग का लक्ष्य इसे जून 2026 तक पूर्ण करना है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, तीनों निर्माण कार्य नियम-शर्तों के अनुरूप नियमित रूप से निरीक्षण और मापदंडों के साथ आगे बढ़ रहे हैं। इन पुलों के तैयार हो जाने पर ग्रामीण क्षेत्रों को सुगम एवं सुरक्षित मार्ग उपलब्ध होगा, दूरी घटेगी और स्थानीय व्यापार व रोजगार गतिविधियों को गति मिलेगी।

# हथियार दिखाकर घटिया हरकत, जानलेवा हमला करने के मामले में शातिर बदमाश शैफ पर पुलिस का शिकंजा

### पीड़ित पक्ष और सामाजिक संगठन के दबाव पर की कार्रवाई


घटनाक्रम की जानकारी मिलने पर कोतवाली में जुटे लोग।


आरोपी के हमले में जख्मी अमरजीत सिंह।

**कोरबा।** तुलसी नगर क्षेत्र में बालिकाओं को परेशान कर घटिया हरकत करने वाले शातिर बदमाश शैफ खान पिता दीनू खान को आखिरकार कोतवाली पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही में दबोच लिया। उसने इस मामले को लेकर एक वरिष्ठ नागरिक पर जानलेवा हमला भी किया। घटना को लेकर आरएसएस सहित विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने कोतवाली पहुंचकर नाराजगी जताई और कठोर कार्रवाई करने की मांग की।

लंबे समय से आरोपी की हरकतें जारी थी और उसके कारनामे से खासतौर पर स्कूल छात्राएं डरी हुई थीं। 4-5 महीनों से बालिकाओं का रास्ता चलना और स्कूल जाना मुश्किल हो गया था। हद तो तब हो गई जब उसने अपने बढ़े हुए मनोबल के साथ हथियार की नोंक पर अश्लील हरकत करने की हिमाकत की। बार-बार की कारास्तानी से तंग आकर पीड़ित पक्ष ने इस बारे में सही जगह पर शिकायत की लेकिन नतीजे नहीं आए। बाद में सामाजिक संगठनों को मामले की जानकारी दी गई। पुराने संदर्भ बताए गए तो लोग हैरान रह गए। इसी बीच सूचना मिलने पर आरएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक अमरजीत सिंह 72 वर्ष रविवार को सुबह एक बालिका से मिलने उसके घर गए थे। लौटने के समय आरोपी ने पत्थर उठाकर उनके सिर पर जानलेवा हमला कर दिया जिसमें वे लहूलुहान हो गए। मामले की जानकारी मिलने पर काफी संख्या में संगठन के लोग कोतवाली थाना पहुंचे और पूरे प्रकरण को कार्रवाई के जरिए लाने के लिए दबाव बनाया।


आरोपी शैफ खान

मौके पर सीएसपी और टीआई को वस्तुस्थिति से अवगत कराया गया। यहां पर पिछली शिकायतों पर कार्रवाई न होने का विषय भी आया। लोगों की भीड़ बढ़ने और संभावित स्थिति को ध्यान में रख सिविल लाइन और मानिकपुर चौकी प्रभारी व टीम को भी यहां बुलवाया गया। इसके साथ ही आरोपी की तलाश तेज की गई जो घटना को अंजाम देने के बाद फरार हो गया था। चौतरफा दबाव के बाद आखिरकार पुलिस ने गंदी मानसिकता और आपराधिक प्रवृत्ति वाले आरोपी को खोज निकाला। सीएसपी भूषण एक्का ने बताया कि उसके विरूद्ध जानलेवा हमला करने सहित पास्को एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है। उसके बारे में और जानकारी हासिल की जा रही है।

### मकान मालिक पर भड़का गुस्सा

घटनाक्रम की जानकारी मिलने से लोग आक्रोशित नजर आए। उन्होंने तुलसी नगर क्षेत्र में आरोपी और उसके परिवार को किराए पर मकान देने वाले व्यक्ति की भी जमकर खबर ली। इस दौरान दूसरी घटनाओं की यह बात सामने आई कि बार-बार कहने पर भी वह ना तो मकान का किराया दे रहा है और मा ही उसे खाली कर रहा है। लोगों ने जब आरोपी का कारनामा उसे बताया तो वह भी दंग रह गया। याद रहे इससे पहले कई मौके पर विभिन्न क्षेत्रों में संदिग्ध लोगों की पतासाजी के लिए पुलिस अभियान चला चुकी है। इतना सब कुछ होने पर भी कई इलाके में संदिग्ध चेहरे बने हुए हैं और उनकी हरकतों से संभ्रांत लोग खतरे में हैं।

## करतला रेंज में हाथियों का उत्पात जारी, बोर पाइप को तोड़ा, रौंदी 20 ग्रामीणों की फसल



**कोरबा।** जिले के कोरबा वनमंडल तथा कटघोरा में हाथियों का उत्पात लगातार जारी है जहां कटघोरा वनमंडल में 54 की संख्या में गजदल एतमानगर व केंदई रेंज की सीमा पर विचरण कर रहे हैं। वहीं कोरबा वनमंडल के करतला रेंज में 28 हाथियों का उत्पात जारी है। करतला रेंज में मौजूद उत्पाती हाथियों ने बीती रात रेंज के बांधापाली मदवानी, चारमार, सेंद्रीपाली में जमकर कहर ढाया। इस दौरान हाथियों ने खेतों में पहुंचकर 20 से अधिक ग्रामीणों के धान की फसल को तहस-नहस कर डाला। वहीं बांधापाली गांव में एक ग्रामीण के खेत में लगे बोर के पाइप को क्षतिग्रस्त कर दिया। ग्रामीणों को इसका पता तब चला जब वे आज सुबह खेतों में पहुंचे तो फसल को तहस-नहस पाया तथा बोर पाइप भी टूटे हुए थे। तत्काल पीड़ित ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन विभाग को दी। जिस पर वन विभाग के अधिकारी व कर्मचारी मौके पर पहुंचकर नुकसानी के आंकलन में जुट गए हैं। वर्तमान में हाथियों का दल केराकछार बीट अंतर्गत सेंद्रीपाली गांव के जंगल में डेरा डाले हुए हैं। इससे पहले हाथियों का दल तीन अलग-अलग झुंडों में विचरण कर रहे थे लेकिन बीती रात विभिन्न स्थानों पर उत्पात मचाने के साथ सुबह होने के पहले एक साथ मिल गए। बड़ी संख्या में हाथियों के क्षेत्र में उपस्थिति ने ग्रामीणों को चिंता में डाल दिया है। उन्हें इस बात की चिंता है कि हाथियों का दल कहीं उनके गांव में प्रवेश कर हानि न पहुंचा दे।

उधर कटघोरा वनमंडल में 54 की संख्या में सक्रिय हाथियों का दल एतमानगर व केंदई रेंज की सीमा पर पहुंच गया है। हाथियों के दल ने यहां पहुंचने के पहले रास्ते में मड़ई, पचरा सहित अन्य स्थानों पर ग्रामीणों के फसल को मटियामेट कर दिया। पीड़ित ग्रामीणों द्वारा इसकी सूचना वन विभाग को दे दी गई है। ग्रामीणों की सूचना पर वन अमला मौके पर पहुंचकर आंकलन की तैयारी में जुट गया है।

## मानिकपुर कालोनी में साफ-सफाई का काम शुरू

**कोरबा।** एसईसीएल मानिकपुर कालोनी में काफी लंबे समय से साफ-सफाई का काम बंद था। कचरों का उठाव नहीं होने से मच्छरों का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा था। आईआर बैठक में भी श्रमिक संगठन लगातार प्रबंधन पर दबाव बना रहे थे। वेलफेयर कमेटी की बैठक में प्रबंधन ने कहा कि कालोनी में साफ-सफाई का काम शुरू कर दिया गया है। इस बैठक में मिनीलाल साहू, छतराम, राजेश पिल्ले, रामलाल, डी.रविंद्र सहित अधिकारी मौजूद थे। इस बैठक में सड़क निर्माण की मांग को भी सामने रखा गया। जीएम ऑफिस से लेकर मानिकपुर तक सड़क का निर्माण किया जाना है। प्रबंधन ने आश्वासन दिया कि सड़क निर्माण कार्य 15 दिनों के भीतर शुरू कर दिया जाएगा। इसी तरह पॉयलट क्वारी में सौंदर्यीकरण सहित अन्य प्रस्तावों पर चर्चा की गई। प्रस्ताव बनाकर एसईसीएल मुख्यालय को भेजा गया है।

## आमापाली के तालाब में डूबे युवक की लाश बरामद



**कोरबा।** उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत तिलकेजा के आमापाली तालाब में रविवार शाम से लापता युवक का शव सोमवार सुबह बरामद किया गया। युवक के डूबने की आशंका रविवार शाम को जताई गई थी, जब पचरी किनारे उसके कपड़े मिले थे।

सूचना मिलने पर एनडीआरएफ की टीम ने देर शाम तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, लेकिन अंधेरा बढ़ने के कारण खोजबीन रोकनी पड़ी। सोमवार सुबह पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया और करीब सुबह 8 से 9 बजे के बीच युवक का शव तालाब से बाहर निकाला गया। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व जनपद सदस्य किशनलाल कोसले भी मौके पर पहुंचे थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिसके बाद उसे परिजनों को सौंपा जाएगा। प्रत्यक्षदर्शियों व परिजनों ने बताया कि मृतक युवक का नाम मनोज प्रजापति (25 वर्ष) है, जो ग्राम आमापाली का ही निवासी था।

## कई आरोप से घिरे टिकरिया आज नगर में

**कोरबा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टिकरिया पहली बार कोरबा आ रहे हैं। उनके स्वागत सत्कार को लेकर पाली से लेकर कोरबा में तैयारी की गई है। याद रहे पिछले कुछ महीनो से विभिन्न प्रकार के आरोप पर टिकरिया झेल रहे हैं। कांग्रेस नेताओं के अलावा उनके कुछ परिचित लगातार ऐसे मामलों में हमलावर रहे हैं। याद रहे, पिछले दिनों कवर्धा प्रवास पर युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने टिकरिया को कॉलेज अध्यक्ष दिखाने के साथ नारेबाजी की थी, जिस पर उनके साथ जबरदस्त मारपीट भी हुई। पुराने घटनाक्रम को ध्यान में रखते हुए यहां सुरक्षा पर जोर दिया गया है।

## बुधवारी में कहीं भी पार्किंग, परेशानी बढ़ी



**कोरबा।** नगर में पर्याप्त चौड़ी सड़क तैयार करने के बावजूद विभिन्न क्षेत्रों में समस्याएं अपनी जगह पर बनी हुई। सबसे बड़ी वजह यह है कि सड़कों के दोनों तरफ काफी गाड़ियों की अवैध पार्किंग के चक्कर में बाधित हो रहा है।

नगर के जैन मंदिर से कलेक्ट्रेट की तरफ जाने वाले वीआईपी रोड में इस प्रकार की समस्या बढ़ती जा रही है। नगर पालिक निगम के द्वारा पिछले महीना फुटपाथों को सही स्थिति में लाने और उपयोगी बनाने के लिए उनके आसपास रेलिंग लगाई गई। अतिक्रमन रोकने के लिए यह कोशिश की गई थी। अब स्थिति यह है कि फुटपाथ के बाहर के हिस्से में दुकानदारी शुरू कर दी गई है। इस चक्कर में अवैध पार्किंग भी शुरू हो गई है। इस वजह से आवागमन काफी मुश्किल होता जा रहा है। खास तौर पर समस्या बाजार दिवस को ज्यादा होती है। हालात ऐसे बन जाते हैं कि नगर निगम में सड़क के बीच में जो डिवाइडर लगाया हुआ है उसका उपयोग भी दुपहिया स्टैंड के तौर पर लोग किया करते हैं। इन सबसे अलग हटकर पौने दो करोड़ का फुट ओवर ब्रिज बेमतलब साबित हो रहा है।

## रग्बी खेल टूर्नामेंट का पाली स्टेडियम में हुआ उद्घाटन



**कोरबा।** कोरबा जिलान्तर्गत पाली खेल स्टेडियम में रग्बी खेल टूर्नामेंट का भव्य उद्घाटन जिला पंचायत अध्यक्ष डॉ, पवन सिंह के कर-कमल द्वारा संपन्न हुआ। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खेलो इंडिया के तहत खिलाड़ियों को प्रोत्साहन देने के प्रयासों की सराहना करी।

टूर्नामेंट के उद्घाटन के अवसर पर डॉ. पवन सिंह ने कहा कि इस प्रकार के टूर्नामेंट का आयोजन होते रहना चाहिए, जिससे स्थानीय खिलाड़ियों को प्रोत्साहन मिलता है। नगर पंचायत अध्यक्ष अजय जायसवाल और पाली थाना प्रभारी ने भी खिलाड़ियों को संबोधित कर उनके उज्वल भविष्य की कामना करी। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रशेखर पटेल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष लखन प्रजापति, पार्षद सुनील साहू, हरेंद्र सिंह राजपाल सहित नगर के गणमान्य नागरिक, भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता तथा रग्बी के खिलाड़ी उपस्थित रहे। पाली क्षेत्र में रग्बी का खेल अपने उच्च स्तर पर है, और पाली के कई खिलाड़ी नेशनल स्तर के टूर्नामेंट भी खेल चुके हैं।

## जीवन बचाने के लिए जागरूकता बड़ा विषय

### ब्रह्माकुमारी संस्थान में हुआ सम्मान



**कोरबा।** जिले में सड़क हादसों में कमी लाने को लेकर यातायात पुलिस अपने स्तर पर काम कर रही है। इसके अलावा कुछ सामाजिक संगठनों को भी उनकी भूमिका के लिए शामिल किया गया है। कुल मिलाकर कोशिश यही है कि सड़क पर आवागमन करने वाले लोगों को इतना जागरूक कर दिया जाए कि वे सड़क सुरक्षा नियमों को मानने के साथ जीवन के महत्व को समझे। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र ट्रांसपोर्ट नगर में कार्यक्रम किया गया। यहां पर गंभीरता के साथ इस विषय पर चर्चा की गई।

जिला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन, यातायात निरीक्षक तेजकुमार यादव और एएसआई मनोज राठौर यहां पर बतौर अतिथि उपस्थित थे। आयोजक संस्था की ओर से बीके रूक्मणी, बीके बिंदु और अन्य सेविकाओं ने स्वागत सत्कार कर सम्मान किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में ब्रह्माकुमारी की संचालिकाओं, डॉ केसी देवनाथ, शेखर ने अपनी बात रखी। उन्होंने बताया कि समाज के लिए जो विषय आवश्यक है उस पर विचार मंथन के साथ इस प्रकार का काम करने वाले श्रेष्ठ व्यक्तियों का सम्मान करना न केवल हमारा बल्कि समाज का दायित्व है। धारा के प्रवाह को बेहतर बनाए रखने में जो लोग अपना योगदान दे रहे हैं उनके प्रति हम सभी की भावना अच्छी होनी चाहिए। चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष योगेश जैन ने सड़क सुरक्षा को लेकर बने नियमों और इनके पालन को सभी के लिए आवश्यक बताया। यातायात निरीक्षक तेजकुमार यादव का कहना था कि जरा सी असावधानी लोगों को बड़े खतरे में डाल सकती है और उनके जीवन में संकट आ सकता है। इसलिए यातायात के दौरान हम सभी को सतर्क रहने की जरूरत है। ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी के द्वारा जो नियम बनाए गए हैं उन्हें जन-जन तक पहुंचाना हमारा दायित्व है। लोगों की ड्यूटी है कि इनका पालन करने में सकारात्मक बनें। बड़े स्तर पर यातायात जागरूकता को लेकर काम कर रहे एएसआई मनोज राठौर ने यहां पर जिंदगी को लेकर अपना दृष्टिकोण रखा और कहा कि जिस तरह औद्योगिक स्थलों पर सुरक्षा को लेकर अधिकारी से लेकर कर्मचारी व श्रमिक गंभीरता दिखाते हैं, कुछ ऐसा ही रवैया यातायात के दौरान लोगों को दिखाना चाहिए। उनका कहना था कि जिंदगी ईश्वर का दिया उपहार है और इस मामले में सुरक्षा को लेकर समझौते बिल्कुल नहीं होने चाहिए। कार्यक्रम में पवन, दिलचंद साहू सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम के समापन पर सभी को आयोजन संस्था की ओर से स्मृति चिन्ह दिए गए।

## कृषि विभाग ने किसानों को बांटे सरसों बीज

**कोरबा।** विकासखण्ड पोड़ी उपरोड़ा के ग्राम पंचायत पोड़ीखुर्द में शुक्रवार 8 नवम्बर को कृषि विभाग ने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में दर्जनों किसानों को निशुल्क मिनी सरसो का बीज वितरण किया। यह वितरण पंचायत कार्यालय भवन में दोपहर को किया गया। योजना के तहत प्रति एकड़ दो किलो बीज उपलब्ध कराया गया तथा इसका लाभ उठाने के लिए पंजीकृत किसानों को अपने खेतों के इंतखाब, आधार कार्ड और मोबाइल नंबर देना अनिवार्य बताया गया। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि बिना पंजीकरण वाले किसान इस निशुल्क योजना से वंचित रह जाएंगे।

पोड़ी उपरोड़ा स्थित कृषि विभाग के प्रभारी वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी अखिलेश कुमार देवांगन ने बताया कि विभाग को राष्ट्रीय बीज निगम से किसानों को वितरण हेतु सरसो बीज मिला है। इस बीज को उप संचालक कृषि विभाग कोरबा के मार्गदर्शन में आरईओ (ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी) के माध्यम से निशुल्क रूप से वितरण कर रहे है, साथ ही किसानों को उन्नत खेती करने की सलाह भी दे रहे है। उन्होंने आगे बताया कि पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के किसान ज्यादातर धान की खेती करते है। किसानों का रुझान गेहूं का उपज लेने के साथ शरदकालीन सहफसली सरसो की खेती के प्रति करने के लिए निशुल्क बीज दिया जा रहा है। इस बीज की खासियत है कि इसे पानी की अधिक जरूरत भी नही पड़ती और अधिकाधिक उपज होती है। जिससे किसानों की अतिरिक्त आय बढ़ेगी। प्रभारी अधिकारी के मुताबित बीज वितरण में किसी भी तरह की लापरवाही नही हो, इसके लिए वह मॉनिटरिंग कर रहे है।

पोड़ीखुर्द पंचायत कार्यालय भवन में सरसो बीज वितरण के दौरान बड़ी संख्या में किसानों को बीज मिला, जिससे उनके चेहरे पर खुशी दिखी। इस दौरान किसानों को सरकार की अन्य लाभकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

## नगर निगम ने कई क्षेत्रों में बेजा दखल को किया चिन्हांकित, एक्शन जल्द

**कोरबा।** कोरबा नगर निगम ने बुधवारी बाजार मुख्य मार्ग के किनारे बाउंड्रीवॉल बनाने का काम शुरू कर दिया है। इसके लिए फुटपाथ की दुकानों को हटाया जा रहा है। हालांकि अभी भी लोग सड़क पर वाहनों को पार्किंग कर खरीदारी कर रहे हैं, जिससे रोज जाम लग रहा है।

बुधवारी बाजार में नॉनवेज मार्केट के साथ ही थोक सब्जी मंडी लगती है। इस वजह से दिनभर मार्केट में लोगों की आवाजाही रहती है। लोगों ने फुटपाथ पर कब्जा कर फल दुकान, गुमटी लगाना शुरू कर दिया था। इससे सड़क पर जाम लग रहा है। नो पार्किंग एरिया में भी वाहन खड़े कर रहे हैं। इसी तरह की समस्या वीआईपी रोड पर भी है। फुटपाथ पर रेलिंग लगाने के बाद भी फिर से सब्जी और फल दुकानें लगनी शुरू हो गई है। इससे भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। अतिक्रमण हटाने के बाद भी दो-तीन दिन दुकानें बंद रहती है। इसके बाद फिर लोग दुकान लगा लेते हैं। बुधवारी में निगम ने वाहन स्टैंड बनाने के साथ ही बाजार जाने के लिए 82 लाख रुपए खर्च कर फुट ओवरब्रिज बनाया है। इसका उपयोग भी नहीं हो रहा है। लोग सड़क किनारे वाहन पार्किंग कर खरीदारी करते हैं। ऐसे में बाजार को दो ओर से बाउंड्रीवॉल बनाकर घेरा जा रहा है। इससे फुटपाथ के साथ सड़क भी सुरक्षित रहेगी। आने वाले दिनों में वाहन पार्किंग करने पर कार्रवाई की जाएगी।

बुधवारी बाजार से लेकर घंटाघर और सुभाष चौक पर फुटपाथ पर अतिक्रमण है। रोज नए ठेले लग रहे हैं। नोटिस के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। सड़क किनारे फुटपाथ को व्यवस्थित करने कांक्रीट या पेवर ब्लॉक लगाए गए हैं। उस पर भी लोगों ने कब्जा कर लिया है।

नगर निगम के अपर आयुक्त विनय मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया की बुधवारी बाजार को व्यवस्थित किया जा रहा है। आगे यातायात की समस्या ना हो, इसके लिए प्लान बनाकर काम कराया जा रहा है।







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रासंपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोन: 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com